53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 18.2°c
अधिकतम 31.9 °c

**अमृतवाणी**
प्रेम सबसे करो
विश्वास कुछ पर करो
बुरा किसी का मत करो।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:25, सूर्यास्त - 5:40 | वर्ष : 53/अंक : 292 बृहस्पतिवार, 23 अक्टूबर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वितीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

रिश्वत लेने के आरोप में 11 पुलिस कर्मी निलंबित : लखनऊ



वाहन चालकों ने वीडियो बनाकर फंसवा दिया.....

# सोना फिसला, चांदी रपटी, फिर सहमा बाजार

**सोना 5 दिन में 5,677 गिरकर 1.24 लाख पर, चांदी भी रिकॉर्ड बनाने के बाद 25,600 रुपए गिरी**

**सटोरियों ने गुब्बारे की हवा की तरह दाम उछाल कर खरीदारों की जेब से निकाले अरबों रुपए**

**इस साल सोने के रेट 47 हजार और चांदी के दाम 66 हजार रुपए से अधिक तक बढ़े**

**जमकर त्यौहारी खरीदारी करने वाले व निवेशक बाजार के हाल देखकर हो गए बेहाल**

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** त्यौहारी मौसम में लोगों दिल धड़का रहा सोना फिसल रहा है और चांदी धड़ाम हो गई है। सोना चांदी से पिछ्ले कुछ महीनों में सटोरिये तो मालामाल हो गए हैं, मगर आम आदमी परेशान ही दिखाई दिया। एकाएक दिवाली बीतते ही भैयादूज से पहले सोना-चांदी धड़ाम से गिरने के बाद फिर एक बार बाजार सहम गया। अब देखना यह होगा कि बाजारों में एकाएक खरीदार उतरता है या इंतजार करता है सोने-चांदी के दामों में और गिरावट का। आपको बता दें कि पिछले चार माह में सोने-चांदी ने जो आग लगाई है वो घटने का नाम ही नहीं ले रही थी। एकाएक गोवर्धन पूजन के दिन रेट घटने से एक बार फिर आम उपभोक्ताओं में हलचल मच गयी। अगले दो चार दिन में एक नई तस्वीर सामने आएगी जिसमें या तो सोने चांदी की दुकानों पर सस्ता माल होने के कारण खूब खरीदार उमड़ेंगे या फिर और कुछ दिन रुकेंगे।

अभी तक निवेशक पीली और सफेद धातु में काफी तेजी की उम्मीद लगा रहे थे। सोना 5 दिन में 5,677 गिरकर 1.24 लाख पर आ गया है तो चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,600 सस्ती होकर 52 लाख प्रति किलो पर आने से वे लोग भौंचक्के हैं जिन्होंने बाजार गर्म रहने के अंदेशे के बीच त्यौहारी सीजन में निवेश किया या फिर जरूरत के लिए हबड़-तबड़ में खरीदारी की। अब अनुमान है कि आगे अभी दोनों धातुओं में



और नर्मी का रुख रह सकता है। ऐसे में आने वाले दस पंद्रह दिनों को सर्राफा बाजार के लिए अनिश्चितता का समय माना जा रहा है।

विगत एक माह में अंतर्राष्ट्रीय हालात और त्यौहारी मांग के गुब्बारे में हवा भरकर सटोरियों ने ऐसा माहौल बनाया कि सोना और चांदी भागमभाग में लग गए। अब दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। विगत एक सप्ताह की तुलना करें तो सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। मुजफ्फरनगर का सर्राफा बाजार दिल्ली की तर्ज पर चलता है। ऐसे में आज आज यानी, 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले ये 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने से तेज भाग रही चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंची थी। कुछ समय पहले तक एक लाख रुपए के करीब रही चांदी के एक लाख 78 हजार तक पहुंचने से बाजार के जानकार भी हैरत में थे। हालांकि अब इसमें आ रही अचानक गिरावट और भी हैरत में डालने वाली है। दीवाली और धन तेरस के त्यौहार के बाद सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। बाजार सूत्रों के अनुसार इस साल के आंकड़े देखें तो इस साल अब तक सोने की कीमत 47,745 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,23,907 रुपए हो गया है। इसी के साथ चांदी का भाव भी इस दौरान 66,484 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,52,501 रुपए प्रति किलो हो गई है। बाजार सूत्रों का कहना है कि अब जिस तरह से दामों में गिरावट दर्ज की जा रही है, उससे लग रहा है कि हाल की तेजी में सटोरियों का बड़ा योगदान रहा। महंगाई का गुब्बारा फुलाकर खरीदारों की जेब से मोटा पैसा निकाल लिया गया और त्यौहार के बाद शेयर बाजार की तरह गुब्बारे की हवा निकाल दी गई। ऐसे में जो लोग तेजी के रुख को देखते हुए त्यौहारी सीजन में जरूरत या निवेश के हिसाब से खरीदारी कर रहे थे, उन्हें बाजार ने तगड़ा झटका दिया है। सूत्रों का मानना है कि अभी आने वाले दस से पंद्रह दिन तक बाजार में अस्थिरता का दौर चलेगा। इसके बाद सोने और चांदी की कीमतें स्थिरता पर आएंगी। जल्द ही विवाह-शादी का सीजन भी शुरू होने वाला है, ऐसे में उम्मीद है कि कुछ समय बाजार ठण्डा रहेगा, लेकिन फिर खरीदार निकलेंगे।

## डेढ़ सौ ग्राम सोना हड़पने पर सुपारी किलर से कराई हत्या

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** सऊदी अरब से तस्करी कर लाए गए सोने को हड़पने के कारण छपार के युवक की हत्या सुपारी किलर के जरिए कराकर उसकी कार जला दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त को साक्ष्य मिटाने में सहयोग करने वाले 2 अभियुक्तों के साथ गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 आईफोन, बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल व 1 आधार कार्ड बरामद बरामद किया है। उनके तीन साथी अभी फरार बताए गए हैं।



**छपार के शोएब की हत्या में मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार**

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने प्रेस वार्ता में बताया कि थाना छपार के ग्राम खुड्डा निवासी शराफत द्वारा अपने पुत्र शोएब की गुमशुदगी थाना छपार पर दर्ज करायी गयी थी। उसकी तलाश के दौरान जनपद शामली में शोएब की गाडी जली हुई अवस्था में मिली। इसके बाद शोएब का शव 17 अक्टूबर को जनपद सहारनपुर के थानाक्षेत्र बिहारीगढ में मिला था। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना छपार पर मामला दर्ज करने के बाद पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में टीम गठित की गयी। जांच के दौरान हत्या के संदिग्ध अभियुक्तों की पहचान की गयी। गठित टीम द्वारा 21 अक्टूबर की रात्रि मुठभेड़ में दो अभियुक्तों मनव्वर पुत्र मन्सूर निवासी मौहल्ला गुर्जर वाडा कुटीरोड कस्बा व थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर व अंकित राणा पुत्र समय सिंह निवासी ग्राम फतेहपुर धारूवाला थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया था । मुठभेड में मनव्वर घायल भी हो गया था। उनके कब्जे से अवैध शस्त्र व कारतूस, बिना नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल व हत्या में प्रयुक्त चाकू व क्लच का तार बरामद किये गये थे। थाना छपार पुलिस ने मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ वाहनों की चेकिंग के दौरान एक सूचना के आधार पर बरला देवबंद मार्ग पर 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक व्यक्ति मुकर्रम अली उपरोक्त अभियोग में मुख्य अभियुक्त बताया गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि मृतक शोएब की वर्ना कार को उनके द्वारा की जनपद शामली में जलाया गया था। अभियुक्तगण द्वारा घटना किया जाना स्वीकार किया गया है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम मुकर्रम अली पुत्र सिकन्दर निवासी ग्राम खुड्डा थाना छपार, असद पुत्र शाहबुद्दीन निवासी सरायमखदूमजहां थाना गंगोह और उस्मान पुत्र अली मुद्दीन निवासी खानपुर थाना गंगोह, सहारनपुर बताए गए हैं। गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

## अफजाल के हौसले की देने पड़ेगी दाद, पुलिस के गिरेबान पर भी डाल दिया हाथ

**वीडियो वायरल होने के 24 घंटे के अंदर अफजाल को किया गया गिरफ्तार, दूसरा आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर**

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में पुलिस से बदसलूकी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दो युवक गश्त कर रहे चीता बाइक सवार दो पुलिसकर्मियों के साथ एक युवक ना केवल वीडियो बना रहा है, जबकि दूसरा उसकी वर्दी को पकड़कर लटका हुआ है। वीडियो बना रहे युवक ने इस दौरान पुलिस पर खुली गुंडागर्दी करने के आरोप लगाए तो पुलिसकर्मी हैड कांस्टेबल सोनू सिरोही भी वीडियो में यह कहते हुए साफ नजर आ रहे हैं कि वर्दी पर हाथ डालने का क्या अंजाम होता है, अभी बताता हूँ तुझे। वहीं दूसरी ओर वीडियो में युवक के बराबर में दरोगा परवेन्दर भी साफ देखा जा सकते हैं। वीडियो बना रहे युवक का यह भी आरोप है कि पुलिसकर्मियों द्वारा उनसे गाली-गलौच भी की गई, जबकि पुलिस की मानें तो दोनों युवकों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के साथ बदसलूकी की। जिनमें से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और दूसरा मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस प्रयासरत है।





आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस से मारपीट व बदसलूकी सहित सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में भी टीमें लगा दी हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का दावा किया है। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि ड्यूटी पर तैनात कर्मियों से किसी भी प्रकार की बदसलूकी या मारपीट बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा गांव की है। पुलिस विभाग की मानें तो मंगलवार रात बाइक सवार दो पुलिसकर्मी गश्त कर रहे थे। इस दौरान कुटेसरा-दहचंद मार्ग पर दो युवक सड़क पर हुड़दंगबाजी कर रहे थे, जिस पर जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों युवक पुलिस से भिड़ गए, जिसमें गाली-गलौंच करते हुए एक आरोपी अफजल तो पुलिसकर्मी की वर्दी पकड़कर लटक गया, लेकिन दूसरा आरोपी सुहेल अपने मोबाइल में घटना की वीडियो बनाने लगा। काफी देर चले इस हंगामे के बाद जब सूचना पर अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो अफजल तो पुलिस के हत्थे चढ़ गया, लेकिन सुहेल भागने में कामयाब रहा। जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 352, 351(3)/132,121 (1) और 221 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर अपनी आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए सीओ सदर रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि 21 अक्टूबर की देर रात चरथावल थाना के गांव कुटेसरा चौकी के पुलिसकर्मियों द्वारा गश्त की जा रही थी। इस दौरान कुटेसरा-दहचंद मार्ग पर दो व्यक्तियों द्वारा सड़क पर हुड़दंगबाजी की जा रही थी। पुलिस द्वारा उन्हें रोके जाने पर हुड़दंगियों ने पुलिसकर्मियों से गाली गलौच कर मारपीट की व अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे इतना ही नहीं हुड़दंगियों ने एक

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

## 1200 नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस ने नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1200 एल्प्राजोलाम नामक नशीली गोलियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वाले लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले अनुज कुमार उर्फ भोला सैनी पुत्र सुन्दरपाल सैनी निवासी गली नं0-8 न्याजुपुरा रामलीला टीला थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर को 1200 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना सिविल लाईन पुलिस को एएम मेडिकल स्टोर कच्ची सड़क पर नशे के इंजेक्शन लगाने की सूचना प्राप्त हुई थी। पता चला था कि इंजेक्शन लगाने वाले राहुल द्वारा अपने घर व अपने पड़ौसी सुमित के घर पर बगैर वैद्य औषधि लाईसेंस प्राप्त किये अवैध रूप से औषधियों का भण्डारण किया हुआ है। सूचना पर नगर मजिस्ट्रेट, सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक मुजफ्फरनगर तथा सहारनपुर की टीम व थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को उनके मसकन से विभिन्न प्रकार की नारकोटिक्स दवाओं के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह इन नशीली दवाओं को अनुज कुमार उर्फ भोला सैनी से लेते हैं। आज थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा अनुज कुमार उर्फ भोला सैनी को मुखबिर की सूचना पर मॉल रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 1200 एल्प्राजोलाम बरामद की गयी।



## वायरल वीडियो के बाद सुसाइड मामले में मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** खतौली में युवक ने सुसाइड से पहले अपना एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस वीडियो में युवक ने खुदकी आत्महत्या का जिम्मेदार अपनी पत्नी और ससुराल वालों को ठहराया था। इस मामले में खतौली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



दरसअल चरथावल थाना क्षेत्र निवासी एक 30 वर्षीय युवक आरिफ का निकाह तकरीबन ढाई महीने पूर्व सरवट गांव थाना नई मंडी की फरीन के साथ हुआ था। आरोप है की शादी के बाद से ही आरिफ को उसकी पत्नी फरीन और उसके ससुराल वाले ससुराल में रहने के लिए दबाव बनाते हुए प्रताड़ित किया करते थे, जिसके चलते मंगलवार को आरिफ ने जहरीले पदार्थ का सेवन करने से पहले अपनी एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की थी। इस वीडियो में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी और अपने ससुराल वालों को ठहराया था। वीडियो के वायरल होने के बाद जब परिजनों ने आरिफ को तलाश किया तो वह पास ही स्थित अपने खेत में अचेत अवस्था में मिला, जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृत युवक आरिफ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए इस मामले में अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के बारे में जहां मृतक युवक आरिफ के परिजन मासूम ने कई गंभीर आरोप आरिफ के सुसरालियों पर लगाएं थे। घटना की जानकारी देते हुए सीओ सदर रविशंकर मिश्रा ने बताया कि, 21 अक्टूबर को देर शाम थाना चरथावल पुलिस को एक सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा चरथावल के रहने वाले आरिफ जिनकी उम्र लगभग 30 वर्ष है, ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, जिसे उपचार के लिए लिए बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में ले गए थे, जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गयी। उन्होने बताया कि उक्त युवक की शादी कुछ माह पूर्व सरवट निवासी महिला से हुई थी, जो नई मंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ता है। इस सम्बंध में पुलिस द्वारा तत्काल पंचायतनामा की कार्रवाई करके पोस्टमार्टम कराया जा रहा है एवं समस्त बिंदुओं पर गहनता से जानकारी जुटाकर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## और दमघोंटू हुई शहर की हवा, एक्यूआई 273

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली के बाद हवा की सेहत बिगड़ रही है। दिवाली की धूम-धड़ाम के बाद गत दिवस शहर में एक्यूआई 210 पर दर्ज किया गया था। एक दिन बाद यह सुधरने के बजाय और बिगड़ गया। आज शहर में हवा में पीएम 10 और पीएम 2.5 का स्तर बढ़ने से प्रदूषण और बढ़ने से वातावरण और दमघोंटू हो गया। ऐसे में आज एक्यूआई 273 पर खराब स्थिति में पहुंच गया। खराब वायु गुणवत्ता ने लोगों का

**आंखों में जलन और चुभन के साथ सांसें हो रही भारी**

सांस लेना भी दूभर कर दिया है। हालांकि प्रदूषण अधिकारी हवा की गुणवत्ता बिगड़ने का कारण पटाखों के साथ मौजूदा मौसमी कंडीशन को अधिक मान रहे हैं। हवा ना चलने के कारण धूल के कण वायु मंडल में स्थिर हो जाने से स्थिति बिगड़ रही है।

हर साल दिवाली के आसपास वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़ती है। इसके लिए आतिशबाजी को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन इस बार जिस तरह दिवाली से पहले ही एक्यूआई की स्थिति 267 पर पहुंचकर गड़बड़ाई उससे साफ हो गया था कि प्रदूषण में पटाखों का योगदान नहीं है। दिवाली पर जमकर आतिशबाजी हुई जरूर, लेकिन इसके बावजूद गत दिवस एक्यूआई 210 पर था। मंगलवार को दिल्ली और दूसरे स्थानों पर स्थिति भयावह थी। इसके मुकाबले मुजफ्फरनगर में स्थिति बेहतर थी। आज शहर में प्रदूषण के हालात और बिगड़े और आज एक्यूआई 273 पर पहुंच गया। वातावरण में घुले धूल के मोटे और बारीक कण फिजां में तैरते हुए लोगों को परेशान कर रहे हैं। ऐसे में सांसों में दिक्कत और आंखों में जलन व कडुवाहट की स्थिति से आम आदमी परेशान है। इसके साथ ही श्वांस के रोगियों के लिए दिन में गर्मी और रात में ठंड के मौसम के साथ लगतार बढ़ रहा प्रदूषण तमाम समस्याएं पैदा कर रहा है। धूल के कण सांस के माध्यम से फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं, जिससे समस्या हो जाती है। ऐसे में ऐसे लोग मुंह पर मास्क लगाकर रखें जिन्हें धूल से एलर्जी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी जितेश चंद्रा का कहना है कि प्रदूषण की स्थिति बिगड़ना निश्चय ही चिंता का विषय है। आज एक्यूआई 273 पर आ गया। पीएम 10 और पीएम 2.5 की स्थिति खराब हुई है। उनका कहना है कि इसका मुख्य कारण इस समय की वेदर कंडीशन हैं। पटाखों के प्रदूषण का भी इसमें योगदान है, लेकिन प्रदूषण की स्थिति पैदा होने का कारण अभी हवा का नदारद होना है। हवा ना चलने के कारण वातावरण में धूल के कण बने हुए हैं। हवा चले तो गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार आएगा। प्रदूषण विभाग स्थिति पर नजर रखे हुए है।

### दिन में मई जैसी गर्मी का अहसास और रात में ठंडक बिगाड़ रही सेहत

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** दिवाली बीतने के बावजूद दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंडक के साथ विगत एक पखवाड़े से मौसम स्थिर बना हुआ है। स्थिति यह है कि अधिकतम तापमान 32 डिग्री के नजदीक चल रहा है तो न्यूनतम 18 डिग्री चल रहा है। नगर में आज अधिकतम तापमान 31.9 और न्यूनतम 18.2 डिग्री रहा। अभी जल्द इसमें कोई बड़ी राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम में बदलाव के लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। मौजूदा मौसम लोगों के स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित कर रहा है।

नगर में विगत एक पखवाड़े से मौसम में दिन की कड़क धूप और गर्माहट लोगों को झेलनी पड़ रही है। तापमान लगातार 30 डिग्री से ऊपर चलने से कई बाद लगता है कि दिन में अक्टूबर के बजाय मई जून जैसा मौसम चल रहा है। इस दौरान तापमान में एकाध डिग्री की ही घटत-बढ़त हुई है। इसके चलते आज नगर में अधिकतम तापमान 31.9 और न्यूनतम 18.2 डिग्री रहने से मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया, उल्टे प्रदूषण के कारण उमस की स्थिति बढ़ गई। हवा गुम रहने के साथ अभी दूर तक बारिश का कोई अंदेशा नहीं है। ऐसे में आने वाले दिनों में भी इस स्थिति में जल्द किसी बड़े सुधार या बदलाव के संकेत नहीं हैं।






गोलोकधाम







गणपतिधाम



बालाजीधाम



नदी रोड गऊशाला

# घर-मंदिर व गौशाला हर जगह हुई गोवर्धन भगवान की आराधना

## - जगह-जगह अन्नकूट वितरण, भक्तों ने पाया परिवार संग प्रसाद - गोवर्धन पूजन में शस्त्र के साथ हुई शास्त्रों की पूजा-अर्चना

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** दीपों के पंच पर्व महोत्सव की धूम के बीच अंतिम सोपान की ओर बढ़ते हुए कदमों के बीच बुधवार को जिले में आस्था एवं भक्ति भाव के साथ गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना के साथ अन्नकूट प्रसाद वितरण के साथ पर्व मनाया गया। इस दौरान घर, मंदिर और तमाम गौशालाओं में भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना को भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं दूसरी ओर घरों में लोगों ने सायंकाल गोबर के कूट बनाकर पूजन किया। इस दौरान नगर से गांव-देहात और कस्बों में मंदिर, धर्मशाला, घरों व गौशालाओं के साथ मुख्य बाजारों व रामलीला समिति की ओर से अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। दीपों के पंच पर्व की धूम के बीच दीपावली महोत्सव के दौरान बुधवार को जिलेभर में गोवर्धन पर्व धूमधाम व धार्मिक परम्पराओं के साथ में मनाया गया। उधर, सनातन धर्म और संस्कृति परंपरा के बीच घरों में गोबर से भगवान गोवर्धन की प्रतिमाएं बनाई गई। इन प्रतिमाओं के समक्ष परिवार के सदस्यों ने शस्त्र-शास्त्र, गन्ना, किसानों ने अपने कृषि यंत्र और बच्चों ने अपनी पुस्तकें व कलम आदि रखकर पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व सुबह से ही अधिकांश मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण समेत इन्द्र, वरुण एवं अग्नि देवताओं की पूजा अर्चना कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की गई। भगवान को भोग लगाने के बाद आयोजित किए गए अन्नकूट भंडारों में आम-ओ-खास ने एक साथ बैठकर प्रसाद वितरण करने के साथ स्वयं प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दूसरी ओर तमाम मंदिरों व धर्मशालाओं के साथ गौशालाओं व मुख्य बाजारों में अन्नकूट के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन अन्नकूट भंडारों में मुख्य रूप से कढ़ी चावल, मिश्रित सब्जियां, पूरी आदि बनाकर उनका वितरण हुआ। गोवर्धन पर्व की धूम बीच नगर के हृदयस्थल शिवचौक के साथ नई मंडी, पटेलनगर, रेशू विहार, लक्ष्मण विहार, एसडी न्यू मार्किट शिव मंदिरों, नवीन मंडी स्थल स्थित शिव मंदिर, भरतिया कॉलोनी स्थित मां राजरानी मंदिर, श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर, श्रीबालाजी धाम मंदिर, आदर्श कॉलोनी में स्थित मंदिर, डल्लू देवता मंदिर समेत नगर के मौहल्ला इन्दिरा कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, कृष्णापुरी, साकेत, आर्यपुरी, रामपुरी, प्रेमपुरी, गांधीनगर स्थित हनुमान मंदिर, श्यामा श्याम मंदिर, गांधी कॉलोनी स्थित गोलोक धाम मंदिर समेत अधिकांश मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद वितरण श्रद्धाभाव के साथ किया गया। इस दौरान इन भंडारों में बड़ी संख्या में उमड़े भक्तों ने पंक्तियों में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया तथा हजारों भक्तजन यहां से प्रसाद अपने घरों के लिए भी लेकर गए।

### अंबा विहार मंदिर में पहुंचे आम-ओ-खास, पाया प्रसाद

#### - उद्यमी सतीश गोयल ने किया सभी का पधारने पर स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में गोवर्धन पूजन व अन्नकूट प्रसाद वितरण की कड़ी में नगर के मेरठ रोड अंबा विहार स्थित अंबेश्वर मंदिर प्रांगण में अन्नकूट का पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। उद्यमी सतीश गोयल टिहरी स्टील्स की ओर से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में आम-ओ-खास की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम में योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, उद्यमी भीमसेन कंसल, दिनेश मोहन एड, आलोक स्वरूप, सुरेंद्र अग्रवाल, वसुंधरा ग्रुप डायरेक्टर अमित चौधरी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में हरिओम शर्मा, पवन बाटला, प्रदीप गोयल, राजीव जैन, विक्रांत राठी, वरदान चौधरी, सनोज मलिक, विकास शर्मा, रामकुमार शर्मा, अनुज स्वरूप, दीपक अग्रवाल, ममता, प्रवीण कुमार एड, राजू अग्रवाल, बिट्टू अग्रवाल, वीणा एडवोकेट, रीता भूषण, डॉ. अविनाश रामानी, विनेश जैन, सुधीर जैन, सुरेश रौतेला, अरुण ज्वाला एड, दीपक अग्रवाल, राजीव शमा, नीरज कांत मलिक, कुलदीप पुंडीर, विपिन जैन, राजीव राठी, शोभित राठी, पंकज वर्मा, सत्यवीर सिंह, निखिल छाबड़ा, डॉ. संजीव नारायण आदि ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर से जुड़े उद्यमी सतीश गोयल टिहरी स्टील ने सभी श्रद्धालुओं का पहुंचने पर आभार व्यक्त किया।

### गोवर्धन पूजन के साथ प्रसाद वितरण में दिखा भक्ति भाव

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** गोवर्धन पूजन के अवसर पर बुधवार को भरतीया कॉलोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंदिर से जुड़े उद्योगपति व समाजसेवी भीमसेन कंसल, सोम प्रकाश कुच्छल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, रजत राठी, जेपी गोयल, कैलाश चंद ज्ञानी, रजत गोयल आदि कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। यहां आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री बालाजीधाम मंदिर परिसर में हजारों लोगों ने अन्नकूट पर्व पर प्रसाद ग्रहण करते हुए धर्म लाभ उठाया। मंदिर प्रांगण में संपन्न होने वाली गोवर्धन पूजा में भगवान श्री कृष्ण को अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाने के बाद श्री बालाजी धाम मंदिर में अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरिशंकर तायल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उधर, सनातन धर्म सभा भवन में अन्नकूट का आयोजन किया गया। गोवर्धन भगवान को भोग लगाने के बाद सभा में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, मंत्री सतीश गर्ग, अंजुल भूषण, अनुराग अग्रवाल, शिव चरण गर्ग, सुशील गोयल, सुखदेव मित्तल वरिष्ठ अधिवक्ता, वैभव मित्तल, नवीन गुप्ता, नीरज अग्रवाल, अजय गर्ग, साधुराम गर्ग, पुष्पेंद्र जिंदल, अनमोल सिंघल, राघव गुप्ता, अनिल बंसल, नितिन नामदेव, संजय गोयल, रजत गोयल, प्रियंक गर्ग आदि का बहुत सहयोग रहा। इसके साथ नवीन मंडी स्थल स्थित भगवान श्री शिव मंदिर में बुधवार को गोवर्धन पर्व के पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण में अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान व्यापारी नेता संजय मिश्रा, सुनील ग्रोवर, राघव मिश्रा, जितेन्द्र कुच्छल, रवि कुच्छल, मोहन लाल, सन्नी ग्रोवर, सुशील मित्तल, पंडित राम भरोसे, अंकित शर्मा, रमन शर्मा, सुखबीर सिंह, रवि शर्मा, रोहित शर्मा, बिट्टू शर्मा, मनीष मेहता, कुश कुच्छल आदि का सहयोग रहा। वहीं श्री रामलीला भवन नई मंडी में अन्नकूट प्रसाद वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, आदित्य भरतिया, राजीव अग्रवाल, बृज गोपाल छारिया, संजय जिंदल, अभिषेक कुच्छल, विशाल कालरा, विदित गुप्ता, कुलदीप शर्मा, विवेक बंसल आदि की ओर से भगवान गोवर्धन के प्रसाद का भक्ति भाव के साथ वितरण किया गया।



विश्वकर्मा चौक पर हवन-पूजन



सहकारी बैंक के चेयरमैन अपने ग्राम में गोवर्धन पूजन करते हुए



लोहिया बाजार में गोवर्धन पूजन पर उपस्थित गणमान्य नागरिक।

### आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 23 अक्टूबर, 2025**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

**वृषभ-** आ्थक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

**तुला-** लाभ का सुयोग, आ्थक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धाॢमक गतिविधियों में रुचि।

**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



### भक्ति भाव से श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भोजन प्रसाद

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** नगर में अन्नकूट पर्व की धूम के बीच मेरठ रोड पर सदर तहसील प्रांगण में स्थित प्राचीन मंदिर में पूरे श्रद्धाभाव से भगवान को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हजारों भक्तों ने प्रभु का गुणगान करते हुए यहां भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान द्वारिका प्रसाद पाराशर, सिद्धपीठ वाले गुरू जी संजय कुमार आदि ने धार्मिक क्रियाएं, पूजन व महाआरती संपन्न कराई। यहां पर योगेंद्र कंबोज एड, डॉ. अनुराधा वर्मा, ललित शर्मा एड, हेमंत अरोरा, रवि जैन, सुशील त्यागी, विनोद कुमार, मेहरचंद, ब्रज मोहन वर्मा, राकेश मित्तल, संजीव कांबोज आदि का सहयोग व योगदान रहा।

चरथावल मोड़ स्थित सिद्ध पीठ शनिधाम मंदिर में भी वृहद स्तर पर अन्नकूट प्रसाद वितरण किया गया। पं. केशवानंद, संजय मिश्रा, संतोष मिश्रा आदि ने पूजन पाठ एवं महाआरती करके प्रसाद का भोग लगाया। इस दौरान शरद साधु, शैलेंद्र विश्वकर्मा, अमित काला, सतीश आदि का मुख्य योगदान रहा।

वहीं शामली रोड स्थित सत्संग भवन परिसर में हर वर्ष की भांति अन्नकूट के पर्व का आयोजन किया गया। पंडित भवानी शंकर शर्मा ने पूजन पाठ कराकर आरती की तथा भगवान का भोग लगा कर साधु संतों को भोजन कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में त्रिलोक चंद गुप्ता, महेंद्र गोयल, ताराचंद वर्मा, विजय सिंधी, प्रवीण अरोड़ा, सुभाष चंद्र अग्रवाल, डॉ. प्रेम कुमार आदि ने योगदान दिया।

### श्री शीतला माता मंदिर में पूजा के बाद गोवर्धन भगवान को लगाया गया अन्नकूट प्रसाद का भोग

**मीरापुर, 22 अक्टूबर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में गोवर्धन पर्व बड़े उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्री शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भगवान गोवर्धन जी को अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाया गया। इसके अलावा लोगों ने अपने अपने घरों में भी भगवान गोवर्धन की पूजा की और उन्हें अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाया। शनिवार को मीरापुर कस्बे व देहात क्षेत्र में गोवर्धन पर्व परम्परागत तरीके से धूमधाम तरीके से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के विश्व विख्यात श्री शीतला माता मंदिर में मन्दिर समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध शारदा द्वारा सपत्नीक सर्वप्रथम गऊ माता के गोबर से निर्मित भगवान गोवर्धन की विशाल प्रतिमा की पूजा व आरती की गई। इसके बाद भगवान गोवर्धन को अन्नकूट का भोग लगाया गया तथा इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भगवान गोवर्धन जी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मा. चन्द्रपाल सिंह, नवनिध शारदा, नितिन शर्मा, अभिषेक गर्ग, राहुल रस्तौगी, अमित मित्तल, मनीष गोयल, विजय कुमार, विनीत कुमार, मधु कौशिक आदि मौजूद रहे। वही कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने अपने घरों में गऊ के गोबर से निर्मित भगवान गोवर्धन की प्रतिमा की परिवार के साथ मिलकर पूजा की और उन्हें अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाया गया।

### एसडी कॉलेज मार्किट में हुआ अन्नकूट प्रसाद का वितरण

#### - बुलेटिन संपादक ने अपने हाथों से बांटा भक्तों को प्रसाद





**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** दीपों के पंच पर्व की धूम के बीच बुधवार को देशभर में भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना के साथ अन्नकूट प्रसाद वितरण कर भक्तिभाव के साथ आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नगर के हृदय स्थल शिवचौक स्थित न्यू एसडी कॉलेज मार्किट एसोसिएशन की ओर से शिव मंदिर परिसर में गोवर्धन भगवान की पूजा करने के साथ भक्तों को प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने भी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण करते हुए धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नामदेव, राकेश कंसल, योगेश भगत जी, श्याम जसूजा, विजय तागरा, संजीव गोयल, अचिन कंसल, केवल चुग, रक्षित नामदेव, आकाशदीप, नरेश अरोरा मित्रसेन समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### कान्हा गौशाला में उत्साह के साथ मनाया गया गोवर्धन पर्व

**मीरापुर, 22 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे की कान्हा गौशाला में गोवर्धन पर्व बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। कान्हा गौशाला में नगर पंचायत के एक कर्मचारी की पुत्रियों ने भगवान गोवर्धन की गोबर से निर्मित भव्य मनमोहक प्रतिमा बनाई। गौ-सेवकों ने गोबर से निर्मित भगवान गोवर्धन की पूजा की तथा उन्हें अन्नकूट का प्रसाद लगाया। कान्हा गौशाला में नगर पंचायत कर्मचारी भंवर सिंह की पुत्रियों ने भगवान गोवर्धन की बेहद मनमोहक प्रतिमा बनाई तथा उन्हें रंगों से सजाकर भव्य रूप दिया। सर्वप्रथम गौसेवक पं. राहुल शर्मा व अभिषेक गर्ग ने भगवान गोवर्धन की विशेष पूजा की तथा उनका तिलक किया। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने भगवान गोवर्धन की पूजा की और उनकी आरती की। इसके बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मुख्यरूप से अभिषेक गर्ग, अमरदीप सिंह, अनिल कुमार, नरेश प्रजापति, अजय शर्मा, जमील मेवाती, भंवर सिंह, आदि मौजूद रहे।

### राजवंशी धर्मशाला में गोवर्धन पर्व पर अन्नकूट में उमड़े श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** दीपावली महोत्सव की धूम के बीच बुधवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन लक्ष्मण विहार स्थित राजवंशी धर्मशाला में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान यूपी सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, सांसद चंदन चौहान और नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। भव्य आयोजन की शुरूआत गोवर्धन भगवान की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद अतिथियों का पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। धर्मशाला परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसाद वितरित किया, जिसे अतिथियों एवं आयोजकों ने भक्तों के साथ पंक्ति में बैठकर ग्रहण किया। व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल और राजवंश सभा की जिला इकाई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन वैश्य अग्रवंश उत्थान सोसाइटी और वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा की सहभागिता भी रही। व्यापार मंडल अध्यक्ष शलभ गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य व्यापारियों और समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ कर सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनार्दन विश्वकर्मा, राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, नितिन गुप्ता, रंजन मित्तल, सतप्रकाश मित्तल, कृष्ण गोपाल मित्तल, थाना प्रभारी नई मंडी इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार शर्मा, सुनील तायल, दीपक मित्तल, सभासद ममता बालियान, नवनीत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस धार्मिक आयोजन ने दीपावली के पावन पर्व पर सभी ने एकजुटता, समर्पण और सामाजिक सौहार्द का सशक्त संदेश दिया।



### श्री सुमनेश्वर महादेव मंदिर (कचहरी) में श्री गोवर्धन पूजन धूमधाम से किया

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बुस.)।** आज प्रातः मुजफ्फरनगर कचहरी परिसर स्थित अति प्राचीन शिव मन्दिर प्रांगण में श्री गोवर्धन पूजन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मानव कल्याण परिषद के संयोजक एवं समन्वयक प्रेम प्रकाश अरोरा एवं उनके साथियों द्वारा श्रीसुन्दर कांड पाठ के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रवीन अरोरा एडवोकेट द्वारा सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस दौरान चंद्रमणि त्यागी एड. अरुण वर्मा एड. बार संघ पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड., ईशान जैन, नरेश चंद्र जैन एड. इत्यादि अधिवक्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। श्री सुन्दर कांड पाठ संचालन प्रेम प्रकाश अरोरा के साथ संजय कुमार अरोरा राजकुमार बक्शी, हरीश सचदेवा द्वारा किया गया। श्री गोवर्धन महाराज की भव्य झांकी श्री सुधीर चौधरी द्वारा बनाई गई। सुमन अरोरा एवं उनकी साथी बहनों द्वारा बहुत सुन्दर बधाई गीत प्रस्तुत किए गए। सामूहिक आरती के पश्चात ठाकुर जी को अन्नकूट छप्पन भोग अर्पित किए गए। तदोपरांत सभी भक्तों को गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए भोजन प्रसाद का वितरण किया गया।





### पीपलेश्वर महादेव मंदिर रेलवे स्टेशन पर भंडारे का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन स्थित सिद्धपीठ श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर कमेटी की ओर से गोवर्धन पर्व पर अन्नकूट का भंडारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम भगत व महामंत्री दीपक भाटिया ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नई मंडी मंडल भाजपा अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा रहे। इसके साथ सहायक शासकीय अधिवक्ता कमल कांत ने भगवान जी का भोग लगाकर पूजा अर्चना करते हुए इस भंडारे का शुभारंभ किया। श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. विजय शास्त्री ने सभी भक्तों को गोवर्धन की कथा सुनाई। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों भक्तों के साथ रेल यात्रियों की भारी भीड़ ने व्यवस्था बनाकर प्रसाद ग्रहण किया।



### रामलीला भवन पटेलनगर में अन्नकूट वितरण में उमड़ी भक्तों की भीड़

#### - अन्नकूट जैसे कार्यक्रम जात-पात, ऊंच-नीच और छुआछूत का भेदभाव मिटाते हैं : अनिल ऐरन

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** दीपावली पर्व के दौरान गोवर्धन पर्व के अवसर पर श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन ने कमेटी के अन्य पदाधिकारियों के साथ अन्नकूट वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनिल ऐरन ने कहा कि विद्वानों का मानना है कि अन्नकूट जैसे कार्यक्रम जात-पात, छोटा-बड़ा, ऊंच-नीच, छूआछूत का भेदभाव मिटाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से आपसी प्यार मोहब्बत, भाईचारा, शांति, एकता को बढ़ावा मिलता है। आज हमने कमेटी की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति रामलीला भवन पर अन्नकूट का आयोजन किया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कमेटी ने स्वर्ण जयंती वर्ष में 50वां रामलीला महोत्सव और अन्नकूट वितरण कार्यक्रम मनाया है। इसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी के लिए सुख समृद्धि और दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना ईश्वर से की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, महामंत्री सुरेंद्र मंगल, मंत्री जितेंद्र कुच्छल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मनोज पाटिल, दिनेश जैन ठेकेदार, अनिल लोहिया, पीयूष शर्मा, राकेश मित्तल, विनोद गुप्ता, रामलीला निर्देशक पंकज शर्मा, नारायण ऐरन, विजय मित्तल, जितेन्द्र नामदेव और गोविंद शर्मा, ज्योति ऐरन, कन्दर्प ऐरन, अनिल गोयल, यश चौधरी, गौरव मित्तल, अंशुल गुप्ता, अमर चौधरी, प्रदीप बॉबी, हरिओम मास्टर, सोनू सिंह, राजेश वशिष्ठ, देवेन्द्र पतला, शिवांश ठाकुर, पंकज वशिष्ठ, स्पर्श गर्ग, यश गर्ग, कृष्णा नामदेव, विशाल शर्मा, उदय कौशिक, लक्ष्य बंसल, सन्नी राणा, अभिषेक कश्यप, जतिन गर्ग, विपुल मोहन, अज्जु जैन, जितेन्द्र उपाध्याय, विवेक गर्ग, आकाश गोयल, आर्यन गुप्ता, पिन्टू गिरी, तनिष्क भारद्वाज, अनन्त मोहन, अंश कश्यप, संजय कुमार, चिराग चौधरी सहित अन्य कलाकार श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण व्यवस्था में सहयोग करते नजर आये।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ट्रम्प के दावे और दीपावली विश

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में दीपावली मनाई, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को विश किया और अमेरिका में पत्रकारों के जवाब में फिर वही दावे किये, जिनका भारत ने खंडन किया। एक तरफ दीपावली मना कर ट्रम्प अपनी तारीफें कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ अमेरिका ही में उनका विरोध हो रहा है। ट्रम्प इस समय एक कन्फ्यूज नेता बने हुए हैं। कमाल की बात है कि भारत के खंडन के बावजूद, दीपावली की शुभकामनाओं की बात करते हुए ट्रम्प ने एक बार दावा कर दिया कि प्रधानमन्त्री मोदी ने उनसे कहा है कि भारत रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। ट्रम्प ने ये दावा मंगलवार देर रात पीएम मोदी से फोन पर बातचीत के बाद किया है। ट्रम्प ने ये फोन कॉल पीएम मोदी को दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए किया था। पीएम मोदी ने भी फोन पर शुभकामनाओं के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का आभार जताया। ट्रम्प ने इसके पहले व्हाइट हाउस में एक विशेष समारोह में दीपावली का दीया जलाया और बताया कि उन्होंने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की है। पत्रकारों से बाचतीत में ट्रम्प ने एक बार फिर दोहराया कि पीएम मोदी ने उन्हें रूसी तेल खरीद कम करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ उन्होंने मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव को रोकने का क्रेडिट भी खुद को दिया। इस दौरान ट्रम्प ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें अच्छा दोस्त और महान शख्स कहा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका कुछ बेहतरीन समझौतों पर काम कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि मैंने आज प्रधानमंत्री मोदी से बात की। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही, हमने कई मुद्दों पर बात की, लेकिन ज्यादातर व्यापार जगत के बारे में। इस दौरान ट्रम्प ने अपना भारत के रूसी तेल खरीद को लेकर अपना पुराना दावा दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं और वह रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदेंगे। वह रूस और यूक्रेन की तरह ही युद्ध को खत्म होने देखना चाहते हैं। ट्रम्प ने कहा जैसा कि आप जानते हैं कि वह रूस से बहुत ज्यादा तेल नहीं खरीदेंगे। वे इसे पहले ही कम कर चुके हैं और वे इसे और कम करते जा रहे हैं। ट्रम्प ने पिछले सप्ताह भी इसी तरह का दावा किया था, जिसे भारत ने खारिज कर दिया था। ट्रम्प के ताजा बयान के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर ट्रम्प को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने लिखा, राष्ट्रपति ट्रम्प! आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस त्योहार पर, हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में अब यह एक सामान्य सी बात हो गई है। पहले ट्रम्प और पीएम नरेन्द्र मोदी के बीच टेलीफोन पर बात होती है। इसके बाद ट्रम्प प्रेस कांफ्रेंस में बातचीत को लेकर कई तरह के दावे करते हैं। बाद में भारत की ओर से इन दावों को खारिज कर दिया जाता है। पिछले हफ्ते 16 अक्टूबर को भी ट्रम्प ने कहा था कि मोदी ने उनसे वादा किया है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। अब मंगलवार यानी 21 अक्टूबर को दीपावली के अवसर फिर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। ट्रम्प ने फिर दावा किया कि मोदी से पाकिस्तान से युद्ध नहीं करने पर चर्चा हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने इस बार भी ट्रंप के इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पिछले हफ्ते तो भारत ने दोनों नेताओं के बीच किसी तरह की वार्ता के दावे को ही खारिज कर दिया था। दूसरी तरफ अमेरिका ही में ट्रम्प का विरोध हो रहा है। रविवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में देश के अलग-अलग शहरों में 2600 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में करीब 70 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। इन प्रदर्शनों को 'नो किंग्स' प्रोटेस्ट नाम दिया गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि ट्रम्प के शासन में देश तेजी से तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले जून में हुए पहले नो किंग्स प्रदर्शन के दौरान लगभग 2100 जगह रैलियां निकाली गई थीं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर, बोस्टन, अटलांटा और शिकागो के पार्कों में भारी भीड़ जुटी। वॉशिंगटन, लॉस एंजिल्स और कई रिपब्लिकन शासित राज्यों में भी लोग सड़कों पर उतरे। रिपब्लिकन पार्टी ने इन प्रदर्शनों को हेट अमेरिका रैली यानी अमेरिका से नफरत करने वाले प्रदर्शन करार दिया। ट्रम्प ने 'नो किंग्स' प्रोटेस्ट का जवाब एक एआई जनरेटेड वीडियो से दिया है। उन्होंने अपने ट्रुथ सोशल पर एक 20 सेकेंड का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो क्राउन पहने एक फाइटर जेट पायलट के रूप में नजर आए। उनके जेट पर 'किंग ट्रम्प' लिखा था। वीडियो में ट्रम्प प्रदर्शनकारियों पर मल गिराते दिख रहे हैं। वहां के लोगों ने इसे प्रदर्शनकारियों का बड़ा अपमान बताया है। ज्यादातर प्रदर्शनकारी कहते दिखे कि ट्रम्प की नीतियाँ ठीक नहीं हैं। लोग टैरीफ को लेकर भी नाराज दिखाई दिये उनका कहना था कि इससे अमेरिका को नुकसान हो रहा है। ट्रम्प, प्रधानमन्त्री मोदी को अच्छा दोस्त बताते हैं, दावा करते हैं कि पीएम मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वो रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। पीएम मोदी भी ट्रम्प की विश का जवाब देते हैं, लेकिन अमेरिकी टैरिफ अभी भी 50 प्रतिशत पर ही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत रुकी हुई है। भारत पर अधिक टैरिफ लगाए जाने पर वहां के जानकार कहते हैं कि जैसा ट्रम्प चाहते थे, वैसा नहीं हुआ। ट्रम्प को यह एहसास होने लगा है कि भारत आत्मसमर्पण नहीं करेगा। भारत एक सभ्य देश है। भारत सभी के साथ दोस्ती चाहता है और व्यापार करना चाहता है, लेकिन भारत किसी की मनमानी नहीं मान सकता। महीने भर पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा था कि वह और पीएम मोदी हमेशा दोस्त रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि पीएम मोदी आजकल जो कर रहे हैं, उससे वह नाखुश हैं, जब उनसे पूछा कि क्या वह भारत के साथ संबंधों में सकारात्मक बदलाव के लिए तैयार हैं, तो ट्रम्प ने कहा कि मैं हमेशा रहूंगा, चिंता की कोई बात नहीं है। कभी-कभी ऐसा होता है। इसका मतलब है कि ट्रम्प हमेशा भारत के साथ अच्छे संबंध रखने के लिए तैयार दिखते हैं। फिर भी कभी-कभी ऐसा हो जाता है कि कुछ बातों पर असहमति हो।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जीवनी' 'योग' 'टीवी' 'रोग'

कैसी-कैसी जीवनी, कैसे-कैसे लोग,
आसन फीके पड़ गये, नहीं हुआ है योग।
विज्ञापन अरु कैमरा टीवी का उपभोग,
बाबा जी को लग गया छा जाने का रोग।

उन्नीसवीं पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती फूलकुमारी
(पत्नी स्व. श्री जयप्रकाश गोयल)
(10-5-1937-23-10-2006)

शोकाकुल परिवार :-
सुमित्रा गोयल (ननद)
संजय-गीता (पुत्र-पुत्रवधू)
राजीव-सरिता (पुत्र-पुत्रवधू)
विकास-रश्मि (पुत्र-पुत्रवधू)
रेशू तायल-हेमन्त तायल (पौत्री-दामाद)
शिप्रा गुप्ता-अश्वनी गुप्ता (पौत्री-दामाद)
सी.ए.वैभव अग्रवाल-मिलन (पौत्र-पौत्रवधू)
सी.ए.व्योम अग्रवाल-ईशा (पौत्र-पौत्रवधू)
हर्षित अग्रवाल - शिवांगी (पौत्र-पौत्रवधू)
कृष्णा, ऋषभ, प्रणव (पौत्रगण)
रायन तायल, रूबीर तायल, अनमय गुप्ता (प्रधेवते)
समायरा गुप्ता (प्रधेवती)
भव्यम गोयल, धार्विक गोयल, चैतन्य गोयल (प्रपौत्र)
त्रिधा गोयल (प्रपौत्री)

प्रतिष्ठान :-
संजय इलैक्ट्रिकल्स
(A Big House of Electrical Goods)
33, 34, 35-पालिका बाजार,
महावीर चौक,
मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)
फोन नं. 0131-2622449, 2623398

निवास : 42/21, दक्षिणी सिविल लाईन्स, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर
9927032598 संजय, 9837002597 राजीव, 9837032598 विकास
9897032598 वैभव, 9837034420 व्योम, 9627032598 हर्षित

# कांशीराम आवासीय कॉलोनी खांजापुर में गोवर्धन पूजा व अन्न कूट का आयोजन

## - कांशीराम आवासीय कॉलोनी में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ रहे मुख्य अतिथि







**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** धार्मिक आयोजन समिति बुढ़ाना मोड़ की ओर से कांशीराम आवासीय कॉलोनी खांजापुर में गोवर्धन पूजा व अन्न कूट का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ कई प्रमुख समाजसेवी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर गोवर्धन तैयार करने वाले व्यक्ति को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कांशीराम आवासीय कॉलोनी बुढ़ाना मोड पर दूसरा गोवर्धन पूजा और अन्न कूट उत्सव आयोजित किया गया। इसमें गोबर से बनाए गए गोवर्धन का पूजन किया गया और इसके साथ ही अन्नकूट के रूप में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ भाजपा नेता सभासद योगेश मित्तल, व्यापारी नेता सुनील तायल व तरूण मित्तल आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच संचालन विशाल शर्मा ने किया। सभी ने गोवर्धन महाराज की पूजा में भाग लिया और इसके बाद अन्नकूट का प्रसाद अपने हाथों से वितरित किया। आयोजन में समिति के रमन भारद्वाज, आशीष शर्मा, मनोज तायल, धीरज गुप्ता, गौरव धीमान, राकेश सिंघल, पंडित शिवम वत्स, बंटी बालियान, दिनेश राजपूत, मनोज अमीन, राजीव विश्वकर्मा, निशा शर्मा, पंडित लखन भारद्वाज आदि का सहयोग रहा।

## भगवान राम व कृष्ण के दिखाए एकजुटता के मार्ग पर चलें: अंकुर दुआ





**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** कांशीराम कॉलोनी के अन्नकूट उत्सव में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण ने समाज में एकजुटता का संदेश दिया है। छोटी कॉलोनियों की एक अच्छाई यह है कि यहां एक आवाज पर तमाम लोग एकत्र हो जाते हैं, जबकि बड़ी कॉलोनियों में पचास लोगों को एकत्र करना भी मुश्किल काम है। गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि विष्णु अवतार रूप में आए भगवान राम और कृष्ण चाहते तो अकेले सब कुछ कर सकते थे। इसके बावजूद उन्होंने सबको साथ लेकर चलने का काम किया। आज भी समाज में एकजुटता की जरूरत है। भगवान राम और कृष्ण के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। सभासद योगेश मित्तल ने कहा कि समाज में स्वच्छता के लिए सभी को काम करने की जरूरत है। कॉलोनी वासी अपने घरों का कूड़ा कूड़ा वाहन में ही डालें। इसके लिए वैसे तो सौ रुपये प्रतिमाह शुल्क है, लेकिन इस कॉलोनी के लिए वे पचास रुपये प्रतिमाह शुल्क कराने का प्रयास करेंगे।

## काशी के मंदिरों में 5000 क्विंटल मिठाई से श्रृंगार, मां अन्नपूर्णा को 511 क्विंटल भोग लगाया



**वाराणसी, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** अन्नकूट के उपलक्ष्य पर काशी के 500 से अधिक छोटे-बड़े मंदिरों में 5 हजार क्विंटल मिठाई से श्रृंगार किया गया है। देवी-देवताओं को रोटी-सब जी से लेकर पूड़ी-कचौड़ी तक का भोग लगाया गया है। मां अन्नपूर्णा को 511 क्विंटल यानी 51 हजार 100 किलो व्यंजनों का भोग लगाया गया है। 105 कारीगरों ने अन्नपूर्णा माता के 56 भोग के लिए 511 क्विंटल प्रसाद तैयार किया। माता के अन्नकूट प्रसाद के लिए इस बार भी नेपाल, केरल और तमिलनाडु से मसाले और घी मंगाए गए थे। इसके अलावा दुर्गा मंदिर में 100 क्विंटल, काशी विश वनाथ मंदिर में 21 क्विंटल, राम मंदिर और गोपाल मंदिर में 51-51 क्विंटल, कालभैरव, बटुक भैरव और श्रीकृ ण मंदिर में 21-21 क्विंटल का भोग प्रभु को अर्पित किया गया है। अन्नकूट पर काशी में शोभा यात्रा भी निकाली गई। नरमुंडों पर बैठकर मां चामुंडेश्वरी, मां काली का तांव और ऑपरेशन सिंदूर की झांकी इसमें आकर्षण के केंद्र रहे। धर्मसंघ स्थित मणि मंदिर में होने वाले अन्नकूट महोत्सव में 5 हजार से ज्यादा घरों से तैयार भोग अर्पित किया गया। इसके अलावा मंदिर में 101 क्विंटल का 56 भोग सजाया गया। मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। मणि मंदिर में 500 बटुकों ने गणेश वंदना की। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया- अन्नकूट पर कच्चा और पक्का मिलाकर इस बार 511 क्विंटल से अधिक भोग तैयार कराया गया है। इसमें 57 प्रकार की मिठाई और 17 तरह की नमकीन का भोग शामिल है। परंपरानुसार अन्नकूट पर्व भोग के पुर्व काशी विश्वनाथ मंदिर महंत के टेढ़ीनीम आवास पर पंच बदन प्रतिमा का सुबह से ही विशेष पुजन का आयोजन किया गया था। पं. सुशील त्रिपाठी के आचार्यत्व में 11 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वेद की ऋचाओं के साथ महंत वाचस्पती तिवारी ने बाबा विश्वनाथ की पंचबदन प्रतिमा का विशेष पुजन के बाद संजीव रत्न मिश्र (भानू मिश्र) ने बाबा का विशेष श्रृंगार किया। बाबा की प्रतिमा में गोद में एक ओर प्रथमेश व दुसरी ओर माता गौरा को प्रतिमा को विराजमान कराकर श्रृंगार किया गया। प्रतिमा को मंदिर के गर्भगृह में स्थापित कर अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया।

## पूजा की घंटी बनी जानलेवा, आंख से होते हुए दिमाग में घुसी

**बिलासपुर, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** बिलासपुर में मस्तूरी निवासी एक परिवार में दिवाली की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब 10 वर्षीय काव्या सिंह के साथ पूजा के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल दीपक सिंह अपने परिवार के साथ घर में पूजा कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बेटी काव्या खेलते-खेलते पूजा स्थल के पास पहुंच गई। अचानक उसका पैर फिसल गया और नीचे रखी पूजा की घंटी उसकी आंख में घुस गई। हादसा इतना भयावह था कि घंटी का सिरा मस्तिष्क तक जा पहुंचा। इस घटना के बाद परिजनों ने तुरंत काव्या को नजदीकी अस्पताल लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। सिम्स में इलाज के दौरान उसकी हालत और बिगड़ती देख रातों-रात उसे रायपुर एम्स भेजा गया। वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने जटिल सर्जरी कर घंटी को सिर से बाहर निकाला। यह दर्दनाक घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

दीपावली जैसी खुशियों भरी रात में हुए इस हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है, लेकिन चोट बेहद गंभीर है। परिजन दुआ कर रहे हैं कि काव्या जल्द स्वस्थ हो जाए, जबकि इस हादसे ने लोगों को यह संदेश भी दिया है कि पूजा-पाठ के दौरान बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। डॉक्टरों के अनुसार,हादसे में काव्या की एक आंख पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और दिमाग के ऊपरी हिस्से पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। फिलहाल बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है और एम्स में डॉक्टर लगातार उसकी निगरानी कर रहे हैं।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मना अन्नकूट पर्व

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बुस.)।** नगर में गोवर्धन पूजा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सैकड़ों स्थानों पर अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। गांधी कॉलोनी के लक्ष्मी नारायण मंदिर, सुभाष नगर के मंदिर दुर्गा संकट हरनी मंदिर एवं शिवनगर के शिव मंदिर में अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सभी मंदिर समितियां के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सनातन धर्म सभा द्वारा भी अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। शिव मूर्ति संचालक मंडल द्वारा तुलसी पार्क में अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शिव मूर्ति संचालक मंडल के प्रबंधक एवं व्यापारी शंकर स्वरूप बंसल, लक्ष्मी नारायण, मनीष गर्ग, मोनू, गौरव मुंडे, ब्रज कुंवर, गौरव कौशिक, योगेश जैन, मुदित जैन, अमित, राजीव जैन, संदीप जैन, पंडित हरिश्चंद्र भारद्वाज, पंडित विकास, अर्पित, विकास त्यागी, गौरव कौशिक, योगेश जैन, मुदित जैन, अमित मुथेजा, राजीव जैन, संदीप जैन, पंडित हरिश्चंद्र, विकास पंडित जी, अर्पित, ऋषि पाल, राहुल शैंकी आदि लोग उपस्थित थे। इसके अलावा नगर के दर्जनों समाजसेवियों के आवास पर भी अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हर स्थान पर शहर के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।





बोलो गोवर्धन महाराज की जय...... ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजन को लेकर अलग ही उत्साह नजर आता है।

# दिपावली पर चीन के बाजार को झटका, 87% ने भारतीय सामान खरीदा

## - 6.05 लाख करोड़ का रिकॉर्ड कारोबार, पिछले साल से 25% ज्यादा

**नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** दिवाली के त्योहार पर ट्रेड 25% बढ़कर 6.05 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसमें से 5.40 लाख करोड़ रुपए की बिक्री सामान की हुई, और 65,000 करोड़ रुपए सर्विसेज से आई। पिछले साल यानी 2024 में ये आंकड़ा 4.25 लाख करोड़ रुपए था। ये आंकड़े 21 अक्टूबर 2025 को सीएआईटी की रिपोर्ट में सामने आए हैं। इस रिपोर्ट का नाम 'रिसर्च रिपोर्ट ऑन दीवाली फेस्टिवल सेल्स 2025' है, जो 60 बड़े डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर्स पर सर्वे से बनी है। इसमें स्टेट कैपिटल्स, टियर-2 और टियर-3 सिटीज शामिल हैं। इस बार 87% कंज्यूमर्स ने इंडियन मेड गुड्स चुने, जिससे चाइनीज प्रोडक्ट्स की डिमांड में गिरावट आई। ट्रेडर्स ने बताया कि इंडियन प्रोडक्ट्स की बिक्री पिछले साल से 25% ज्यादा हुई। 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी दीवाली' का असर साफ दिखा। आपको बता दें कि कुल ट्रेड का 85 % हिस्सा नॉन-कॉर्पोरेट और पुराने बाजारों से आया। ग्रामीण और सेमी-अर्बन इलाकों ने भी 28 प्रतिशत योगदान दिया। यानी, बड़े मॉल्स से ज्यादा फिजिकल मार्केट्स की वापसी हुई है। जीएसटी रेट्स कम करने का फायदा देखने को मिला। 72% ट्रेडर्स ने बताया कि डेली यूज वाले आइटम्स जैसे फुटवियर, गारमेंट्स, मिठाई, होम डेकोर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर छूट से सेल्स वॉल्यूम बढ़ा। सरकार के जीएसटी घटाने के कारण फेस्टिव मूड को और मजबूत किया। करीब 50 लाख टेम्पररी जॉब्स पैदा हुए। ये जॉब्स लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट और रिटेल सर्विसेज में बने। नॉन-कॉर्पोरेट सेक्टर, जिसमें 9 करोड़ छोटे बिजनेस और लाखों मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं, वो भारत की ग्रोथ का इंजन साबित हुआ। इस बार दोनों तरफ से कॉन्फिडेंस हाई लेवल पर पहुंच गया। ट्रेडर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 10 में से 8.6 पर पहुंचा, और कंज्यूमर कॉन्फिडेंस इंडेक्स 8.4 पर। ये दशक का सबसे ऊंचा स्तर है। स्टेबल प्राइसिंग और इकोनॉमी में भरोसे ने खरीदारी को बूस्ट दिया। दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद और सीएआईटी के सेक्रेटरी जनरल प्रवीण खंडेलवाल ने कहा- "ये सेल्स दिखाती है कि जीएसटी रेशनलाइजेशन और स्वदेशी अपनाने से ट्रेडिंग कम्युनिटी और कंज्यूमर्स दोनों प्रेरित हुए। 'वोकल फॉर लोकल' ने लोगों के दिलों में जगह बनाई।" सीएआईटी के नेशनल प्रेसिडेंट बीसी भारतीय ने सेक्टर ब्रेकडाउन शेयर किया और कहा- सर्विसेज सेक्टर ने फेस्टिव इकोनॉमी का रिपल इफेक्ट दिखाया। कुल मिलाकर, ये 'आत्मनिर्भर भारत' का बैकबोन साबित हुआ। ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी और ट्रस्ट का फ्यूजन।

## सर्बिया की संसद पर आतंकी हमला, हमलावरों ने की ताबड़तोड़ गोलीबारी





**सर्बिया, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** सर्बिया की संसद भवन के बाहर बुधवार 22 अक्टूबर, 2025 को गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया है। गोलीबारी होते ही चारों तरफ हड़कंप मच गया और सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के समर्थकों के कैंप में आग लग गई। राष्ट्रपति वुसिक, जो सरकार विरोधी प्रदर्शनों का सामना कर रहे हैं, ने इस गोलीबारी को 'आतंकवादी हमला' बताया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सशस्त्र सुरक्षा अधिकारी संसद के बाहर एक बड़े तंबू के पास पहुंचे। कुछ गोलियां चलीं और फिर तंबू के अंदर आग लग गई। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि एक 70 वर्षीय व्यक्ति ने टेंट कैंप में एक 57 वर्षीय व्यक्ति के पैर में गोली मार दी और फिर एक गैस कनस्तर में गोली मार दी। एएफपी ने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर तुरंत काबू पा लिया है। इस घटना से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और दूसरे व्यक्ति को आपातकालीन चिकित्सा केंद्र ले जाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ज्लाटिबोर लोनकर ने बताया कि एक व्यक्ति को गंभीर चोट लगी है और उसका तत्काल ऑपरेशन करना होगा। हालांकि स्थानीय पुलिस ने अभी तक मामले को लेकर कोई ऑफिशियल बयान जारी नहीं किया है और ना ही कोई जानकारी दी गई है। हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में फायरिंग के तुरंत बाद सशस्त्र सुरक्षाकर्मी संसद के बाहर लगे एक विशाल तंबू की तरफ दौड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं एक और वीडियो में एक व्यक्ति जमीन पर लेटा दिखाई दे रहा है, जिसके हाथ पीठ के पीछे हैं और पुलिस उसे चारों तरफ से घेरे हुए है। बता दें कि यह घटना बेलग्रेड में जारी राजनीतिक तनाव के बीच घटी है, जहां सरकार समर्थकों और विरोधियों के बीच विरोध प्रदर्शन और टकराव अक्सर होते रहे हैं। हमले के बाद संसद के बाहर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है।

## शराबी पति के उत्पीड़न से तंग आकर थाने पहुंची विवाहिता

**भोपा, 22 अक्टूबर (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र के गांव कासमपुरा निवासी महिला मैना ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका पति शराब के नशे का आदी है और कोई काम धंधा भी नहीं करता है। उसके चार बच्चे हैं। महिला मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, परन्तु उसका पति आए दिन शराब पीकर आता है तथा महिला व बच्चों गालियां देते हुए मारपीट करता है। पिछले कुछ दिनों से वह प्रतिदिन शराब पीकर घर आ रहा है तथा घर आते ही गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात घूंसों व डंडे से उसके व उसके बच्चों के साथ मारपीट कर रहा है तथा फैसला कर बच्चों को घर से ले जाने की बात कह रहा है तथा आत्महत्या कर इल्जाम विवाहिता के सिर मढ़ना चाह रहा है। पीड़िता को डर है कि वह अपने आपको कोई नुकसान ना पहुंचा ले तथा उसे झूठे मुकदमे में ना फंसा दे। पीड़िता ने तंग आकर पति के खिलाफ का कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## महाकाल के गर्भगृह में भिड़े पुजारी और संत, गाली-गलौज व हाथापाई से घबरा गए भक्त

**उज्जैन, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार को एक बेहद चौंकाने वाली घटना हुई। इसमें मंदिर के गर्भगृह में पुजारी महेश शर्मा और नाथ संप्रदाय के महंत महावीर नाथ के बीच विवाद हो गया। विवाद ड्रेस कोड और पगड़ी उतारने को लेकर हुआ। यह विवाद इतना बढ़ गया कि अभद्र भाषा का प्रयोग होने लगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल के सामने ही बुधवार को संतों और पुजारियों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। शर्मनाक बात यह है कि इस दौरान अश्लील शब्दों का प्रयोग किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रशासन समिति ने जांच करने का भरोसा दोनों पक्षों को दिया। कलेक्टर और एसपी के पास भी ये मामला पहुंचा है। अधिकारी अब दोनों पक्षों को शांत कर मामला सुलझाने में जुटे हैं। यह विवाद मंदिर के पुजारी महेश शर्मा और भर्तहरि गुफा के नाथ सम्प्रदाय के संत महावीर नाथ के बीच हुआ। मंदिर के पुजारी और संत दोनों पक्ष काफी मजबूत माने जाते हैं। दोनों पक्षों को गर्भगृह में एंट्री की परमिशन है। मामले के अनुसार एक संत के पहनावे और गर्भगृह में प्रवेश को लेकर पुजारियों ने आपत्ति ली। दोनों के बीच बहस हुई, जो विवाद में बदल गई। हालांकि कुछ संतों और पुजारियों ने बीचबचाव करने की कोशिश की, लेकिन इसके बाद भी मारपीट होने लगी। गालीगलौज भी हुई। ये देखकर बाबा महाकाल के दर्शन करने आए भक्त भौचक रह गए। भक्तों को ऐसी उम्मीद नहीं थी कि जो बाबा महाकाल के सबसे बड़े भक्त माने जाते हैं, वह गर्भगृह के सामने अश्लील शब्दों का प्रयोग करें।

## गोवर्धन पर मंदिरों और घरों में की गई पूजा-अर्चना

**जानसठ, 22 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र मे अन्नकूट और गोवर्धन पर बुधवार को गोवर्धन की पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने परिवार में खुशहाली और उन्नत खेती की कामना की। मंदिरों में महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाए। इस दौरान मंदिरों में भोग लगाए गए और कढ़ी, खीर, साग व चावल का प्रसाद वितरित किया गया। लोगों ने अपने घरों पर गोबर से गोवर्धन स्थापित किया। गोवर्धन पर लोगों ने घरों में गोबर से गोवर्धन बनाया। गन्ने, कपास, किताबें, शस्त्र व अन्य सामान के साथ गोवर्धन की पूजा-अर्चना की।

इस दौरान लोगों ने परिवार की खुशहाली और उन्नत खेती की मन्नत मांगी। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन किए। मंदिरों में भोग लगाए। कढ़ी व चावल के प्रसाद का वितरण किया। गौशाला समिति ने पशु चिकित्सालय में स्थित गौशाला पर हवन किया। नगर पंचायत जानसठ के पूर्व अध्यक्ष प्रवेंद्र भड़ाना, सतीश खटीक, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, एचडीबी बैंक के अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी यजमान रहे।

# 'राजनीतिक इस्लाम से सनातन पर सबसे बड़ा वार': सीएम योगी



**लखनऊ, 22 अक्टूबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देश में बड़ी बहस छेड़ते हुए कहा कि देश में ब्रिटिश उपनिवेश की चर्चा होती है, फ्रांसीसी उपनिवेश की चर्चा होती है लेकिन "राजनीतिक इस्लाम" की चर्चा नहीं होती है, जिसने सनातन आस्था पर सबसे ज्यादा कुठाराघात किया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप और महाराणा सांगा राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ ही लड़ाई लड़ी थी। पूर्व में हमारे पूर्वजों ने राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी, जिसकी चर्चा नहीं होती। सीएम योगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पर गोरखपुर विभाग द्वारा आयोजित विचार-परिवार कुटुंब स्नेह मिलन एवं हृदीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने मंदिर के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संघ की सौ वर्ष की यात्रा के कालखंड में असंभव को भी संभव होते देखा गया है। राम मंदिर को लेकर सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग प्रश्न करते थे संघ के स्वयंसेवक दृढ़ संकल्प से कहते थे कि मंदिर जरूर बनेगा। संघ ने बंदिशें झेलीं, स्वयंसेवकों ने लाठी गोली खाई। परिणाम भव्य श्रीराम मंदिर के रूप में सबके सामने है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के दीपोत्सव को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर एक बार फिर शाब्दिक प्रहार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दीपावली पर दीये जलाने के विरुद्ध बयान देकर अखिलेश यादव ने यह सिद्ध कर दिया है कि उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर, देवी देवताओं, सनातन धर्मऔर दीपावली जैसे इसके पर्व-त्योहारों से भी नफरत है। उनका बयान प्रजापति समाज (कुम्हारों) का अपमान करने वाला है। उन्होंने अखिलेश पर यह भी तंज कसा कि गद्दी तो विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। बिना विवेक वाले लोग ही दीपावली का विरोध करते हैं।

## गाजियाबाद के पांच फ्लैटों में लगी भयंकर आग

**गाजियाबाद, 22 अक्टूबर (एजेंसी)।** इंदिरापुरम में फ्रेंड्स एवेन्यू सोसाइटी के पांच फ्लैटों में बुधवार रात अचानक आग लग गई। आग लगने पर आसपास के फ्लैट के लोग भी अपने घरों से बाहर आ गए। बुधवार रात करीब 8 बजे आग सोसाइटी की सातवीं व आठवीं मंजिल पर लगी। सूचना पाकर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में पूरा फ्लैट जलने लगा। देखते ही देखते पहली, तीसरी मंजिल का एक अन्य फ्लैट और चौथी मंजिल के फ्लैट भी आग की चपेट में आ गए। पांचों फ्लैट एक साथ जलने लगे। घटना के बाद पूरी सोसाइटी में भगदड़ मच गई। आस-पास के फ्लैट वाले अपना घर छोड़कर भागने लगे। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां पहुंचीं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग में फंसे 25 लोगों को बचाया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## हाइवे पर हुई बस व कार की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**खतौली, 22 अक्टूबर (बु.)।** हाइवे पर चीतल होटल के निकट एक बस व डिजायर कार के बीच हुई भीषण भिड़न्त में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह हाइवे पर मेरठ की ओर से आ रही एक डिजायर कार में पीछे से आ रही ईवी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार में सवार हापुड़ जनपद के गांव दतियाना निवासी अनिल त्यागी (70), योगेश त्यागी (40) व नेहा त्यागी (30) गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं दुर्घटना में डिजायर कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हाइवे पर हुई दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को तत्काल हाइवे स्थित सेंट फ्रांसिस अस्पताल भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के उपरान्त गंभीर घायल योगेश त्यागी को हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। दोनों वाहनों के बीच हुई टक्कर से हाइवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया।



## पुलिस ने लापता युवती को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**खतौली, 22 अक्टूबर (बु.)।** कोतवाली पुलिस की सक्रियता से लापता युवती को बरामद होने पर परिजनों द्वारा पुलिस की सराहना की। नगर क्षेत्र के आर्यपुरी भूड़ कॉलोनी निवासी रणवीर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में गत् 20 अक्टूबर को उसकी 23 वर्षीय पुत्री मोना के अचानक गायब होने की शिकायत करते हुए युवती की बरामदगी की गुहार लगाई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली प्रभारी दिनेश बघेल के निर्देशानुसार गठित पुलिस टीम द्वारा युवती की तलाश में त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से मात्र 24 घंटे के अन्तराल में लापता युवती मोना को नगर क्षेत्र के जानसठ रोड से सकुशल बरामद कर लिया। कोतवाली की वैधानिक कार्यवाही के बाद पुलिस द्वारा युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## दिल्ली में छठ पूजा, यमुना किनारे 17 मॉडल घाट बनेंगे

**नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कहा कि राजधानी में इस बार छठ महापर्व को दिवाली जैसी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसलिए यमुना नदी के किनारे 17 मॉडल छठ घाट बनाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालु साफ-सुरक्षित वातावरण में पूजा कर सकें। पूरे शहर में करीब 1500 घाटों पर छठ पूजा होगी। सीएम गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सरकार का फोकस सफाई और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर है। इसके लिए सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें सांसद, विधायक और पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों पर जाकर सफाई अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि यमुना किनारे छठ पूजा करने पर दर्ज सभी पुराने केस वापस लिए जाएंगे।

## मोदी-ट्रंप की हुई बात, कहा- भारत-अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ एकजुट

**नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** दिवाली के अवसर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका की साझेदारी और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता पर जोर दिया। इस बात की जानकारी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने दीवाली पर शुभकामनाएं देने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि दो महान लोकतंत्र दुनिया को उम्मीद की रोशनी दे रहे हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भारतीय लोगों को दीवाली के खास मौके पर शुभकामनाएं दीं। वाशिंगटन स्थित व्हाइट हाउस में एक दीवाली कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वह भारत के लोगों से प्यार करते हैं। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की सराहना भी की। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी महान नेता हैं। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी से फोन पर बात की है। बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप को उनके फोन कॉल और दीवाली की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

### शेष समाचार : डेढ़ सौ ग्राम सोना..

मुकर्रम ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने मृतक शोएब को 2 व्यक्तियों को देहरादून एयरपोर्ट छोडने के लिए कहा था साथ ही अंकित व मनव्वर उपरोक्त को शोएब की हत्या की सुपारी दी थी। अंकित व मनव्वर द्वारा शोएब की हत्या कर शव को थानाक्षेत्र बिहारीगढ में फेंक दिया था तथा गंगोह निवासी अपने 3 साथियों असद, उसमान व एक अन्य की मदद से शोएब की गाडी को साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से जला दिया था तथा फरार हो गये थे। मुकर्रम ने बताया गया कि उसने पिछले साल शोएब के माध्यम से चोरी छुपे 300 ग्राम सोना, चार्जर मे फिट करके सऊदी अरब से भारत अपने घर भिजवाया था। शोएब ने इसमें एक चार्जर में छिपा डेढ़ सौ ग्राम सोना गायब कर दिया और उसे बताया कि एक चार्जर चेकिंग में पकडा गया। तभी से वह शोएब से अपना सोना मांग रहा था। शोएब के सोना न देने पर उसने योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या करा दी।

### शेष समाचार : अफजाल के हौसले

पुलिसकर्मी की वर्दी भी फाड़ दी। इस संबंध में चरथावल थाने पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया और हुड़दंग कर रहे दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

# राष्ट्रपति मुर्मू की सुरक्षा में बड़ी चूक, कच्चे कंक्रीट वाले हैलीपैड पर धंस गए हेलीकॉप्टर के पहिये

**कोच्चि, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही सामने आई है। राष्ट्रपति को सबरीमाला यात्रा पर लेकर जा रहा हेलीकॉप्टर बुधवार को केरल के एक लैंडिंग पैड पर फंस गया। दरअसल हेलीकॉप्टर की लैंडिंग प्रमदम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में नए कंक्रीट से बने हैलीपैड पर हो रही थी, उसी दौरान उसका एक हिस्सा धंस गया, जिसके बाद पुलिसकर्मियों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू सबरीमाला जाने के लिए केरल पहुंची थीं। हेलीकॉप्टर के हेलीपेड पर उतरने के बाद उनका काफिला वहां से सड़क मार्ग से पंबा के लिए रवाना हो गया। राष्ट्रपति के वहां से रवाना होने के बाद कई पुलिसकर्मी और फायर ब्रिगेड के जवान हेलीकॉप्टर के पहियों को हैलीपैड के गड्ढों से बाहर निकालते दिखे। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए प्रमदम को अंतिम समय में तय किया गया था। मंगलवार देर रात ही वहां हेलीपैड बनाया गया था, इसीलिए वह ठीक से सूख नहीं पाया था।



पहले राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग पंबा के पास निलक्कल में होनी थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से जगह को बदलकर प्रमदम कर दिया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन करने के लिए बुधवार को प्रमदम पहुंचीं। भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाली वह पहली महिला राष्ट्रपति हैं। वहीं पूर्व राष्ट्रपति वी.वी. गिरि के बाद इस मंदिर में दर्शन करने वाली वह दूसरी राष्ट्रपति भी हैं। वह 1970 के दशक में सबरीमाला मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। सबरीमाला मंदिर में दर्शन के बाद, वह शाम को तिरुवनंतपुरम वापस लौटेंगी। इसके बाद वह राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन की एक प्रतिमा का अनावरण करेंगी।

## मुंबई से अमेरिका जा रहे एअर इंडिया के विमान को लौटना पड़ा वापस

**मुंबई, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई191 को तकनीकी खराबी के कारण बुधवार सुबह मुंबई वापस लौटना पड़ा। बोइंग 777 विमान ने रात करीब 1:50 बजे उड़ान भरी थी, लेकिन तीन घंटे से ज्यादा हवा में रहने के बाद उसे वापस मुंबई लैंड करना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान जारी कर बताया कि फ्लाइट एआई191 के चालक दल ने संदिग्ध तकनीकी समस्या के चलते सावधानी बरतते हुए विमान को मुंबई वापस लाया। विमान सुरक्षित रूप से लैंड कर चुका है और उसकी जांच की जा रही है। इस घटना के कारण फ्लाइट एआई191 (मुंबई से नेवार्क) और एआई144 (नेवार्क से मुंबई) दोनों को रद कर दिया गया। एअर इंडिया ने प्रभावित यात्रियों के लिए होटल की व्यवस्था की है और उन्हें एअर इंडिया या अन्य एयरलाइंस की वैकल्पिक उड़ानों में री-बुक किया गया है। नेवार्क में फ्लाइट एआई144 के यात्रियों को भी रद होने की सूचना दे दी गई है। एयरलाइन ने कहा कि इन यात्रियों को जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था दी जा रही है। यात्रियों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

# इंडिगो प्लेन का हवा में फ्यूल लीक, वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग

**वाराणसी, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** वाराणसी एयरपोर्ट पर बुधवार की शाम इंडिगो एयरलाइंस के विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। कोलकाता से श्रीनगर जा रही फ्लाइट में बुधवार शाम तकनीकी खराबी आ गई। 160 से अधिक यात्री लेकर जा रहे विमान ने वाराणसी सीमा में घुसते ही एटीसी को मेडे मैसेज दिया और फिर लैंडिंग की बात कही। पायलट ने एटीसी को बताया- विमान में तकनीकी खराबी आ गई और फ्यूल लीक होने के चलते इंजन रेड सिग्नल दे रहा है। इसके बाद आनन- फानन में एटीसी ने फ्लाइट नंबर की जांच की और अगले 4 मिनट में विमान को रनवे पर सुरक्षित उतार




दिया। इसके बाद इमरजेंसी टीम को भेजकर सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया है। एयरलाइंस की ओर से बताया गया- वाराणसी एयरपोर्ट पर कुछ तकनीकी खराबी के कारण विमान को उतारा गया है। इंडिगो को ओर से यात्रियों को किसी अन्य विमान से श्रीनगर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6961 को बुधवार शाम फ्यूल लीक होने की सूचना के बाद वाराणसी एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने स्थिति की जानकारी मिलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल वाराणसी से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी।

# भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बने 32 फुट के गोवर्धन भगवान

### नई मंडी गौशाला में मंत्री व चेयरपर्सन के साथ जुटे उद्यमी व समाजसेवी

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** दी मुजफ्फरनगर नई मंडी गौशाला में बुधवार को गोवर्धन पर्व पर मेले का आयोजन भक्ति एवं श्रद्धाभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में श्री गोवर्धन भगवान एवं गौमाता पूजन के ऐतिहासिक महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उद्यमी भीम सेन कंसल, राकेश बिंदल, भाजपा नेता विशाल गर्ग, पूर्व सभासद विपुल भटनागर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मौजूद रहे अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक संजय मित्तल ने स्वागत किया, जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने भक्तिभाव के साथ गोबर से निर्मित 32 फुट के भगवान श्री गोवर्धन का पूजन एवं गौ माता का पूजन भी किया। इस दौरान दी मुजफ्फरनगर नई मंडी गौशाला में गोवर्धन भगवान के जयघोष से पूरा नई मंडी क्षेत्र गूंज उठा।



दी मुजफ्फरनगर नई मंडी गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान भगवान श्री खाटू श्याम, गोवर्धन पर्वत को उठाते हुए भगवान कृष्ण की झांकी, भगवान श्री राम की झांकी सहित अनेकों झांकियां व गौ माता के दर्शन करने के लिए दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व वर्षों की भांति गौशाला के बाहर मुख्य मार्ग पर मेला लगाया गया जिसमें अनेक तरह के खाने और पीने के स्टॉल, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि लगाए गए। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा कारणों से मुख्य मार्ग को पूरी तरह से बंद रखा गया। इस दौरान नई मंडी क्षेत्र में भक्ति भाव की धूम दिखाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय गोयल, सुरेन्द्र बंसल, राजेश गोयल, भूषण लाल, हरिशंकर मूंधड़ा, श्याम सुन्दरश्याम सिंह सैनी, अमरीश कुमार, मुकेश जैन, संदीप, राजेश आदि का विशेष सहयोग किया। मुजफ्फरनर नई मंडी गौशाला में बीते करीब 41 वर्षों से गोवर्धन भगवान की गोबर से बनी विशाल प्रतिमा बनाने का क्रम जारी है, जिसकी पूजा एवं दर्शन करने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। दी मुजफ्फरनगर नई मंडी गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक संजय मित्तल ने बताया कि करीब छह दशक से यहां गोवर्धन पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इतना बड़ा गोवर्धन पर्व हमारे अलावा कहीं भी अन्य गोशाला में नहीं होता। उन्होंने बताया कि इस प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले पंकज शर्मा द्वारा भगवान गोवर्धन प्रतिमा ढाई से तीन ट्रॉली गोबर के अलावा एक ट्राली मिट्टी एवं 12 से 15 सौ ईंटों के माध्यम से तैयार की जाती है जिसे बनाने में करीब 7 से 8 दिन और करीब 6 से 7 तक कारीगर काम करते हैं।



# युवक को नाक रगड़वाने का मामला, राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर बोले- योगी सरकार में दोषी को मिलेगी सजा

### भारतीय जनता पार्टी ने किया निष्कासित, तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**मेरठ, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ से गुंडागर्दी का एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसने सभी को चौंका दिया है। यहां यूपी के ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर का नाम लेकर बदमाशी की गई। मंत्री के कथित समर्थकों ने सड़क पर एक युवक को जमकर अपमानित किया। वायरल वीडियो में युवक हाथ जोड़कर माफी मांगता और सड़क पर नाक रगड़ता दिखाई दिया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मौके पर मौजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। साथ ही घटना पर मंत्री सोमेंद्र तोमर का बयान भी सामने आ गया है। मामले में प्रशासन और बीजेपी ने भी एक्सन लिया है बीजेपी ने उक्त नेता को निष्काशित कर दिया है और पुलिस प्रशासन ने 3 पुलिस कर्मीयों को लाईनहाजिर किया है। ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर से बात की गई तो उन्होंने बताया, "यह मामला मेरी जानकारी में आया है। लेकिन किन परिस्थितियों में किन कारण से मेरा नाम लिया गया, यह पुलिस जांच कर रही है। देखिए योगी जी की सरकार है, अगर किसी ने गलत किया है तो पुलिस अपनी कार्रवाई करे। किन कारण से यह परिस्थिति बनी है यह जांच का विषय है।" मेरठ के मेडिकल थाना क्षेत्र के तेजगढ़ी चौराहे पर ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के कार्यालय के ठीक नीचे स्थित एक होटल में खाना खा रहे कॉलेज के चार छात्रों के साथ कथित तौर पर मंत्री के करीबियों ने बदसलूकी की। आरोप है कि पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन दबंगों ने इसके बावजूद एक युवक को सड़क पर नाक रगड़वाई और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरूआत गाड़ी हटाने जैसे मुद्दे पर हुई कहासुनी से हुई थी। दावा है कि देखते ही देखते दूसरे पक्ष के युवकों ने खुद को ऊर्जा राज्यमंत्री का करीबी बताकर छात्रों को धमकाना शुरू कर दिया और उन पर हमला कर दिया। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जब यह घटना हो रही थी, तब पुलिस मौके पर मौजूद थी। इसके बावजूद, दबंग आरोपियों ने पुलिस की उपस्थिति में भी छात्रों को सड़क पर नाक रगड़वाई और उनके साथ गाली-गलौच की। पुलिस पर आरोप है कि वह इन गुंडों को रोकने या उन पर तत्काल कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम रही और एक मूकदर्शक की तरह सब देखती रही। इस मामले में मेरठ के एसपी (सिटी) आयुष विक्रम ने बताया कि 'एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दो पक्ष आपस में कहासुनी करते नजर आ रहे हैं। एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर अभद्रता की जा रही है। यह थाना मेडिकल का मामला बताया जा रहा है। पुलिस के द्वारा इस मामले का संज्ञान लिया गया है। जानकारी करने पर पता चला है कि दोनों पक्षों का गाड़ी की पार्किंग को लेकर के विवाद हुआ था, जिसके बाद एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के साथ अभद्रता की गई।





# 'देवी लक्ष्मी की पूजा करने से कोई अमीर बन जाता तो...', स्वामी प्रसाद मौर्य ने अब लक्ष्मी पूजा पर खड़े किए सवाल

**लखनऊ, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर से विवादों में हैं। उन्होंने इस बार माता लक्ष्मी की पूजा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट में गृहणी को असल गृह लक्ष्मी बताया और माता लक्ष्मी को बाहरवाली लक्ष्मी करार दिया है। अब इस ट्वीट पर विवाद के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य सामने आए और अपनी बात रखी है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट में कहा- "दीपोत्सव महापर्व पर समस्त देशवासियों को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ। आइये हम सब दीप जलाये, किन्तु ध्यान रहे पड़ोसी के यहाँ भी दीप जले यह भी सुनिश्चित करे। आइये हम पूजन व सम्मान करे असली गृह लक्ष्मी (गृहणी) की जो सही मायने में ताउम्र घर को साफ - सुथरा सुंदर-सुघर व स्वर्ग बनाती हैं। घर के छोड़े- बड़े सभी सदस्यों को प्यार की डोर से पिरोकर एकता का पाठ पढ़ाती हैं। घर को स्वर्ग से भी सुंदर बनाती है, इसलिए "घरवाली" गृह लक्ष्मी कहलाती हैं।

बाहरवाली लक्ष्मी तो हर बार बाजार से आती हैं फिर चली जाती है, इसलिए तो हमारी बिगड़ी हालात कभी भी सुधर नहीं पाती हैं, क्योंकि बाहरवाली बाहरवाली ही होती हैं। धन की देवी लक्ष्मी से भला होता तो देश में 80 करोड़ लोगों को बदहाली, गरीबी, लाचारी-बेवसी की जिंदगी मात्र 5 किग्रा या 10 किग्रा चावल पर वितानी न पड़ती। करोड़ों बेरोजगार नौजवानों को रोजी-रोटी के लाले न पड़ते। दुनिया के गरीब देशों में भारत नहीं होता। आइये घर की असली लक्ष्मी को पहचाने एव उनका सम्मान व पूजन करें। ऐसा न हो कि घर की लक्ष्मी ललाय बाहरवाली पूजा मांगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैंने दीपोत्सव पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। लोगों को अपने घर में दिया जलाने की अपील की और कहा कि पड़ोसी के यहां भी दीप जलना चाहिए। जिस धर्म के प्रतीक के रूप में हम देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं, ये एक परंपरा हो सकती है, लेकिन व्यवहारिक सच से कोसों दूर है। अगर धन की देवी लक्ष्मी की पूजा करने से धन आता, तो भारत दुनिया के गरीब देशों में शूमार नहीं होता। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि "वे 80 करोड़ लोग जो 5-10 किलोग्राम चावल पर जीवित रहते हैं, अपने बच्चों को विश्वविद्यालय भेज सकते हैं? क्या ऐसे लोग अपने बच्चों को डॉक्टर बना सकते हैं।" इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, आईएएस, आईपीएस या वैज्ञानिक? कभी नहीं। करोड़ों युवा आज बेरोजगार हैं। यदि धन की देवी लक्ष्मी से प्रार्थना करने से गरीबी दूर हो जाती, तो 80 करोड़ लोग सिर्फ 5-10 किलोग्राम चावल पर जीवित नहीं रहते और करोड़ों युवा बेरोजगार नहीं होते। तो स्वाभाविक रूप से ये परंपरा हो सकती है।"



# भैयादूज के लिए रेलों और बसों में भीड़

### एक दिन पूर्व ही बहनों से तिलक कराने निकले भाई

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** धन तेरस के बाद भैया दूज के पर्व के चलते आज से लोगों की भागमभाग शुरू होने के साथ बसों और रेलगाड़ियों में आपाधापी की स्थिति शुरू हो गई। मुख्य पर्व पर कल सुबह से ही सड़कों पर निजी वाहनों की दौड़ के साथ सार्वजनिक वाहनों रेलगाड़ियों व बसों पर भारी बोा बढ़ने वाला है। भैया दूज पर भाई अपनी बहनों के यहां तिलक कराने के लिए जाते हैं। इसमें आज से ही लोगों का बहनों के घर जाने का क्रम शुरू हो गया। ऐसे में बसों और रेलगाड़ियों पर यात्रियों का दबाव बढ़ गया। कल सुबह से भारी भीड़ यात्रा के लिए निकलेगी तो इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। यह दिन उन लोगों के लिए खासतौर से अधिक भागमभाग का रहेगा,जिन्हें दो तीन जगह जाना है। ऐसे में रोडवेज बसों से लेकर निजी बसों और टैंपो वालों को इस दिन का इंतजार है। रोडवेज ने दिल्ली, देहरादून, हरिद्वार और बिजनौर आदि प्रमुख रूटों पर अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था के साथ बसों के फेरे बढ़ाने की व्यवस्था की है। बस चालकों और परिचालकों के अवकाश रद्द करते हुए उन्हें प्रति किलोमीटर की दर से प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया है।




चालक-परिचालकों की 30 अक्टूबर तक नियमित ड्यूटी लगाई गई है। त्योहारों के मद्देनजर इंसेंटिव स्कीम के तहत, जो कर्मचारी 12 दिन लगातार ड्यूटी करते हुए प्रतिदिन औसतन 300 किलोमीटर यानी कुल 3600 किलोमीटर पूरे करेंगे, उन्हें 4800 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसी प्रकार, जो कर्मचारी 13 दिन की अवधि में उपस्थित होकर कुल 3900 किलोमीटर पूरे करेंगे, उन्हें 5850 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। निर्धारित किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने पर प्रति किलोमीटर 55 पैसे अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा। संविदा चालक/परिचालकों को भी निर्धारित किलोमीटर के अतिरिक्त संचालन पर प्रति किलोमीटर 0.55 पैसे अतिरिक्त मिलेंगे। ऐसे में बसों को निर्धारित स्थानों पर रोकने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

## विवाहिता ने ससुरालजनों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**भोपा, 22 अक्टूबर (बु.)।** विवाहिता ने ससुरालनों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सास, जेठ, ननद व पति के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना भोपा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी नई दिल्ली निवासी नदीम के साथ हुई थी। महिला की सास मीना, जेठ सोनू, ननद शकीला, तरन्नुम ने उसके पति नदीम को उकसाकर तथा चरित्रहीनता का झूठा आरोप लगाकर लगभग सात माह पूर्व मारपीट कर घर से निकाल दिया था और उसके हिस्से का मकान भी आरोपियों ने बेच दिया है। नदीम से उसे तीन लड़कियां हैं। गत सात माह से वह अपने मायके में रह रही है। महिला का पति गम्भीर बीमारी से ग्रस्त है और उसका अंतिम समय चल रहा है। उसका पति अपनी पत्नी व बच्चों से मिलना चाहता है, लेकिन ससुरालजन उसके पति को उससे मिलने से रोक रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति से मिलने की गुहार लगाई है। थाना पुलिस महिला की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षकों की अनुपस्थिति गरीब स्टूडेंट्स के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** शिक्षक के कर्तव्य की पवित्रता और प्रत्येक बच्चे के शिक्षा के संवैधानिक अधिकार को रेखांकित करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में ग्रामीण प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में शिक्षकों की पूरे स्कूल समय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम बनाने का आह्वान किया। जस्टिस प्रवीण कुमार गिरि की पीठ ने कहा कि प्राथमिक संस्थानों में शिक्षकों की अनुपस्थिति निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 के मूल उद्देश्य को विफल करती है। इस प्रकार गरीब ग्रामीण बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। पीठ बांदा जिले के पैलानी स्थित एक संयुक्त विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंद्रा देवी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बांदा द्वारा पारित अपने निलंबन आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने आदेश रद्द करने और वेतन सहित अपनी बहाली की भी मांग की थी। उनकी याचिका पर विचार करते हुए कोर्ट ने ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति की बार-बार होने वाली समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि प्राथमिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की उपस्थिति और अनुपस्थिति से संबंधित मामलों की बाढ़ आ गई। निलंबन आदेश का हवाला देते हुए जिसमें कहा गया कि बांदा के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दोपहर लगभग 1:30 बजे किए गए औचक निरीक्षण के दौरान याचिकाकर्ता विद्यालय में उपस्थित नहीं पाई गई थी, न्यायालय ने ऐसी चूकों की गंभीरता पर प्रकाश डाला। जस्टिस गिरि ने टिप्पणी की, "विद्यालय से शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण स्टूडेंट्स की शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जैसे कि शैक्षणिक उपलब्धि में कमी और यह असमान शिक्षण अवसर पैदा करता है। खासकर वंचित पृष्ठभूमि के स्टूडेंट्स के लिए जो निजी ट्यूटर या कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकते।"



## भारत एस-400 के लिए ₹10 हजार करोड़ की डील करेगा, रूस से खरीदेगा और मिसाइलें

**नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** भारत अपने मौजूदा एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रूस से 10,000 करोड़ की मिसाइलें खरीदने वाला है। इसके लिए रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को 23 अक्टूबर को होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना के एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया गया कि इसने पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया। वायु सेना ने एस-400 को भारत की हवाई सुरक्षा रणनीति का गेम चेंजर बताया है। भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। ऐसे पांच सिस्टम्स की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से 3 भारत को मिल चुके हैं। चौथे स्क्वाड्रन की डिलीवरी रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण रुकी हुई है। नई डील इनके अलावा होगी। दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के समय डील पर बातचीत हो सकती है। भारत ने अक्टूबर 2018 में रूस के साथ 5 अरब डॉलर का समझौता किया था।

## 20 पव्वों के साथ एक युवक अरेस्ट

**बुढ़ाना, 22 अक्टूबर (बु.)।** अवैध रूप से शराब के 20 पव्वों के साथ एक युवक को गश्त के दौरान बुढ़ाना पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना पुलिस ने आज बुधवार के दिन एक सराहनीय कार्य करते हुए एक युवक को गश्त करने के दौरान गांव वैल्ली मार्ग से पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक थेले में अवैध रूप से देशी शराब के महबूबा मार्का के 20 पव्वे मिले। जिनको वह ठेके से खरीदकर कहीं और सप्लाई करने के लिए जा रहा था। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने अपना नाम शिवम पुत्र नौबहार निवासी ग्राम चन्धेड़ी बुढ़ाना बतलाया। उक्त आरोपी शिवम को बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर छविकान्त सिंह ने अन्य सब इंस्पेक्टर नन्द किशोर, हैड कांस्टेबल हरीश पाल सिंह और कांस्टेबल विजय कुमार के सहयोग से पकड़ा है। पुलिस ने उक्त आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

## बंद हुए गंगोत्री-यमुनोत्री-केदारनाथ के कपाट, 50 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर बनाया इतिहास

**देहरादून, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड की पवित्र चारधाम यात्रा पूरी हो चुकी है। इस साल की यात्रा ने श्रद्धालुओं की संख्या का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद 50 लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए उत्तराखंड पहुँचे। इसके अलावा उत्तराखंड सरकार द्वारा किए गए विशेष इंतजामों का असर भी यात्रा की सफलता में दिखा। जानकारी के लिए बता दें कि बुधवार, 22 अक्टूबर को गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए विधिवत बंद कर दिए गए। इसके बाद गुरुवार, 23 अक्टूबर को यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट भी बंद कर दिए जाएंगे, जिसके साथ ही इस साल की चारधाम यात्रा विधिवत समाप्त हो जाएगी। बद्रीनाथ धाम के कपाट पहले ही बंद हो चुके हैं। 2 मई को शुरू हुई चारधाम यात्रा को लेकर इस बार श्रद्धालु काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई थी। जानकारी के लिए बता दें कि केदारनाथ धाम में 20 लाख से ज्यादा, बद्रीनाथ धाम में 15 लाख से अधिक और गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में 10 से 12 लाख भक्तों ने दर्शन किए। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने यात्रा की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि 2025 की चारधाम यात्रा ने विश्व स्तर पर उत्तराखंड की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक छवि को मजबूत किया है।

## ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा लेफ्टिनेंट कर्नल बने, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दी उपाधि

**नई दिल्ली, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) बन गए हैं। बुधवार को दिल्ली में अलंकरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उन्हें उपाधि दी। इस दौरान उनकी मां सरोज देवी, पिता सतीश चोपड़ा, चाचा भीम चोपड़ा और पत्नी हिमानी मोर भी मौजूद रहीं। हरियाणा में पानीपत के रहने वाले नीरज चोपड़ा 26 अगस्त 2016 को सेना में नायब सूबेदार के पद पर भर्ती हुए थे। 2021 में उन्हें सूबेदार बनाया गया। टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उन्हें सेना द्वारा परम विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान किया गया। 2022 में नीरज को सूबेदार मेजर के पद पर पदोन्नति मिली।



## आस्था के मेले पर थूक मूत्र जेहाद के साथ नाम का पहरा

**मुजफ्फरनगर, 22 अक्टूबर (बु.)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गढ़मुक्तेश्वर एवं शुक्रतीर्थ में कार्तिक मेला लगने के लिए जा रहा है। ऐसे में यशवीर महाराज का एक और फरमान सामने आया है, जिसमें उन्होंने इस बार गढ़मुक्तेश्वर और शुक्रताल तीर्थ नगरी में लगने वाले कार्तिक मेले को लेकर अपनी एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि थूक-मूत्र जिहादी गैंग के लोग इन मेलों में अपना नाम और पहचान छिपाकर खाद्य पदार्थ और पूजन सामग्री की दुकान लगाते हैं, जिससे सनातन धर्म के लोगों का धर्म भ्रष्ट होता है। महाराज का मानना है कि इस मेले में सिर्फ और सिर्फ सनातन धर्म के लोगों को ही जाने और दुकान लगाने का अधिकार है। यशवीर महाराज ने अपने इस बयान में कहा है कि इस बार मेले में थूक-मूत्र जिहादी गैंग के लोगों को दुकान कतई लगाने नहीं दी जाएगी साथ ही उन्होंने मेले में दुकान लगाने वाले सनातनी लोगों से यह अपील भी की है कि वह अपनी दुकान पर अपने नाम का मोटे-मोटे अक्षरों में बोर्ड भी लगाएं। उन्होंने कहा कि आस्था के इस मेले में दूसरे समुदाय के लोग अपने नाम और पहचान छिपाकर अपनी दुकान लगाते हैं, जिससे वहाँ चोरी और लव जिहाद को बढ़ावा मिलता है।



# लखीमपुर खीरी में स्लीपर बस में लगी भीषण आग, यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान, 20 लोग झुलसे

**लखीमपुर खीरी, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी के मैगलगंज कस्बे में मुख्य चौराहे पर बुधवार सुबह उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब डग्गामार स्लीपर बस में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी बस आग का गोला बन गई। बस में करीब 100 यात्री सवार थे। स्थानीय लोगों की तत्परता से यात्रियों की जान बचाई जा सकी। कई यात्री खिड़कियों से कूद गए।

जानकारी के अनुसार स्लीपर बस दिल्ली से सीतापुर जा रही थी। बस मैगलगंज चौराहे पर यात्रियों को उतारने और जलपान के लिए रुकी थी। इसी दौरान बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखा। कुछ ही पलों में लपटों ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। यात्रियों ने खिड़कियों और दरवाजों से बाहर निकलकर जान बचाई, जबकि उनका सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना में करीब 20 यात्री मामूली झुलस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। बस में आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि संभवतः शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। घटना की सूचना मिलते ही मैगलगंज कोतवाल रविंद्र पांडे मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचित किया, लेकिन आग की सूचना के लगभग दो घंटे बाद दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच सकी, तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की देरी पर नाराजगी जताई है।



## बातों में फंसाकर परिचित से ऐंठे एक लाख रुपए

**भोपा, 22 अक्टूबर (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी आस मौहम्मद ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि थाना खतौली क्षेत्र के गांव सिरधन निवासी दो व्यक्तियों का उसके घर आना जाना था। दोनों ने कहा कि हम दोनों जी.एफ.एक्स कम्पनी में कार्य करते हैं और हमारी कम्पनी 12 प्रतिशत का ब्याज देती है। अगर हमारी कम्पनी में एक लाख रुपए जमा करोगे, तो कम्पनी तुम्हें 12000 रुपए महीना देगी तथा फिलहाल कम्पनी का ऑफर निकला हुआ है। पीड़ित ने जान-पहचान होने के नाते उनकी बातों पर विश्वास कर उन्हें एक लाख रुपए नगद दे दिये, किन्तु रुपए लेने के बाद अब दोनों आरोपियों ने पीड़ित के घर आना और फोन उठाना बंद कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने जान-पहचान का फायदा उठाकर तथा बातों में फंसाकर उसके साथ ठगी कर ली है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# लखनऊ में मानवता शर्मसार, 60 वर्षीय दलित बुजुर्ग से मंदिर में चटवाया 'पेशाब', आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, 22 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 60 वर्षीय दलित बुजुर्ग रामपाल रावत के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोप है कि उन्हें कथित तौर पर पेशाब चाटने के लिए मजबूर किया गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस एक्शन में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार की शाम लखनऊ के काकोरी इलाके में शीतला माता मंदिर के पास हुई। पीड़ित रामपाल रावत ने अपनी शिकायत में बताया कि वह मंदिर परिसर में पानी पी रहे थे, तभी स्वामी कांत उर्फ पम्मू नामक व्यक्ति ने उन पर पेशाब करने का आरोप लगाया। रामपाल ने सफाई दी कि उन्होंने पेशाब नहीं किया, बल्कि पानी गिर गया था। लेकिन आरोपी ने उनकी बात नहीं मानी और उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। इसके बाद, धमकी देकर उन्हें जमीन चाटने के लिए मजबूर किया गया। रामपाल के पोते मुकेश कुमार ने बताया कि उनके दादाजी को सांस लेने में तकलीफ की बीमारी है और उन्हें नियमित दवाइयों की जरूरत है। घटना के समय रामपाल को खांसी आई, जिसके दौरान अनजाने में थोड़ा पेशाब निकल गया, तभी पम्मू वहां पहुंचा और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए रामपाल को अपमानित किया। डर के मारे रामपाल ने पेशाब चाट लिया और फिर तालाब के पानी से उस जगह को धोया। मुकेश ने यह भी बताया कि उनके दादाजी ने उस रात इस घटना के बारे में परिवार को कुछ नहीं बताया। अगले दिन सुबह जब उन्होंने इस अमानवीय व्यवहार का जिक्र किया, तब परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज की। मुकेश ने यह भी स्पष्ट किया कि जिस जगह यह घटना हुई, वह मुख्य मंदिर से कम से कम 40 मीटर दूर था।

